दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली ।। शुक्रवार 17 मई -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 217 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3





## 'केजरीवाल बहाने बनाकर समन पर नहीं हुए पेश, ये आरोपी होने का संकेत...', सुप्रीम कोर्ट में बोली ईडी

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर 16 मई को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। आज की सुनवाई पूरी हो चुकी है, अब अगली सुनवाई कल दोपहर 2.30 बजे होगी। कल 15 मिनट एऊ और 45 मिनट केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी बहस करेंगे।



सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई के दौरान केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि 100 करोड़ रुपए में से ईडी ने केवल 2 धनराशियों का ही हिसाब दिया है। इस पर जस्टिस संजीव खन्ना ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से पूछा कि क्या आपने इस धनराशि को घटाकर 45 करोड़ तो नहीं कर दिया है? इस पर एएसजी राजू ने जवाब दिया कि नहीं, हमने कहा था कि 45 करोड़ रुपए का पता लगा लिया गया है।

जस्टिस खन्ना ने पूछा कि आपने कहा था कि प्रारंभिक जब्ती अनिवार्य नहीं है। आपने पहले ये दलीलें रखी थीं। इस पर अरऋराजू ने कहा कि हमारी दलील थी कि जब्ती/ कुर्की जरूरी नहीं है। इसके बिना भी दोष सिद्धि हो सकती है, अगर हमने वाकई शरत रेड्डी पर दबाव डाला होता, तो उन्होंने बिल्कुल अलग बयान दिया होता।

## राहुल गांधी का मोदी सरकार पर तंज क्या छाते लटका देना स्मार्ट सिटी

**झांसी ।** कांग्रेस नेता और पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी ने भाजपा सरकार की खूब खिंचाई की। राहुल गांधी ने झांसी की सड़कों पर लगे छातों को लेकर कई सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मैंने यहां देखा कि किसी सड़क पर छाते लटका रखे थे। मैंने पूछा ये छाते क्यों लटका रखे हैं सड़क के ऊपर। मुझे बताया गया कि ये स्मार्ट सिटी है। अगर इसतरह स्मार्ट सिटी बनते हैं, तब इंडिया गठबंधन हर जगह छाते लगा देगा, कोई प्रॉब्लम नहीं है। बोला था कि सौ स्मार्ट सिटी बनाएंगे और क्या किया, छाते लटका दिए। ये बीजेपी का कमाल है कि कोरोना में किसी के रिश्तेदार मरे, किसी के भाई, किसी के पिता, किसी की माता, लाशों के ढेर, न वेंटिलेटर, न ऑक्सीजन और नरेंद्र मोदी कहते हैं भाइयों और बहनों, थाली बजाओ।



राहुल गांधी ने झांसी में डिफेंस कॉरिडोर और बीडा के लिए हो रहे जमीन अधिग्रहण पर सवाल उठाए। राहुल गांधी ने कहा कि जब आपकी जमीन छीनने का समय आता है, तब इन्हें एक सेकंड नहीं लगता है। एक सेकंड में कोई न कोई बहाना देकर डिफेंस कॉरिडोर, बीडा ऐसा बहाना देकर आपके ध्यान को इधर उधर करके आपकी जमीन दो मिनट में हड़प लेते हैं।

## राजनाथ सिंह के लखनऊ दौरे का तीसरा दिन

### रक्षा मंत्री ने कहा, भारत दुनिया का ताकतवर देश बन चुका है

**लखनऊ।** लखनऊ के अमीनाबाद में रैली करने पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दुनिया मान चुकी है कि भारत दुनिया का ताकतवर देश बन चुका है। आंध्र प्रदेश की एक रैली में आई पैर में चोट के कारण राजनाथ ज्यादा देर तक भाषण नहीं दे सके, उन्होंने कहा कि वे ज्यादा देर खड़े रहने में असमर्थ हैं। रक्षा मंत्री ने रैली में संक्षिप्त भाषण दिया।

अपनी संसदीय सीट में रैली के दौरान उन्होंने कहा कि विकास की पहली शर्त है राज्य के कानून का चुस्त-दुरुस्त होना। इस कार्य के लिए उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री की पूरे भारत और देश में चर्चा हो रही है। हमारे लिए उत्तर प्रदेश गौरव का विषय बन गया है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में तय किया गया है कि प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है। भारत को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से कोई नहीं रोक सकता।



उन्होंने यह भी कहा कि मैंने कभी भी राजनितिक जीवन में चुनाव लड़ते वक्त कोई वादा नहीं किया। सिर्फ निवेदन करता हूं कि आपकी शुभकामनाएं और आशीर्वाद मिलें। मुझे बताने की आवश्यकता नहीं है कि यहां पर क्या विकास कार्य हुआ है। चार चरण की वोटिंग में अब तक जो रिपोर्ट मिली है, हम 400 सीटों के लक्ष्य को प्राप्त करने की ओर जा रहे है।

रक्षा मंत्री ने अल्पसख्यकों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि आपके दिल में हम दहशत नहीं, मोहब्बत और विश्वास भर के समर्थन प्राप्त कारना चाहते है।

## बसपा के कई नेताओं ने छोड़ी पार्टी, थामा सपा का दामन

**फतेहपुर ।** लोकसभा चुनाव के मतदान का दिन जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे बहुजन समाज पार्टी का कुनबा बिखरता जा रहा है। इस कुनबे में समाजवादी पार्टी लगातार सेंध लगाने का काम कर रही है। बुधवार को बसपा के मंडल कोआर्डिनेटर समेत कईयों ने पार्टी को बाय-बाय कहते हुए सपा का दामन थाम लिया। इससे पूर्व सपा प्रत्याशी ने नामांकन वाले दिन विधानसभा के दो पूर्व प्रत्याशियों समेत कईयों को पार्टी में शामिल कराया था। साथ ही पांच दिन पूर्व बसपा के एक कद्दावर नेता व पूर्व चेयरमैन ने भी समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया था। ऐसे हालात बसपा प्रत्याशी के लिए मुश्किल खड़ी कर सकते हैं।



बुधवार को सपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह की अगुवाई में बसपा छोड़कर सपा में शामिल होने वाले पदाधिकारियों का स्वागत समारोह आयोजित हुआ।

## 4 जून को बिखर जाएगा इंडी अलायंस... : पीएम मोदी

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को प्रतापगढ़ में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 4 जून को इंडी गठबंधन टूटकर बिखर जाएगा और विपक्ष बलि का बकरा खोजेगा। विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए पीएम ने कहा कि चुनाव के बाद ये लोग गर्मी की छुट्टियों पर विदेश चले जाएंगे। यहां सिर्फ हम रह जाएंगे और देशवासी रह जाएंगे।



पीएम मोदी ने कहा, 'पराजय के बाद बलि के बकरे को खोजा जाएगा खटाखट खटाखट। शहजादे चाहें दिल्ली वाले हों या लखनऊ वाले, ये शहजादे गर्मी की छुट्टियों पर विदेश निकल जाएंगे खटाखट खटाखट। किसी ने तो मुझसे कहा कि शायद उन्होंने टिकट बुक कराने की सूचना भी दे दी है। ये खटाखट खटाखट भाग जाएंगे। हम ही रह जाएंगे।

## कमिश्नरेट में एक मोहल्ला ऐसा भी जहां मनचलों और दबंगों से परेशान लोगों ने लगाए घरों पर पलायन वाले बोर्ड

**पुलिस अधिकारी पर एकपक्षीय कार्रवाई करने का आरोप**

**मसूरी थानाक्षेत्र के आकाश नगर मंगल बाजार इलाके का मामला**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मसूरी थानाक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आकाश नगर इलाके के मंगल बाजार मोहल्ले में बीते कुछ दिनों से स्थानीय लोग कुछ मनचले और दबंगों से परेशान हैं। आलम यह है कि शाम के समय एक मकान में मसूरी और आसपास के कुछ दबंगों और सामाजिक तत्वों का एक प्लॉट पर बैठना होता है, यहां शराब पीते हैं और फिर रास्ते से आने जाने वाले महिलाओं, युवतियों व लोगों पर अभद्र टिप्पणी भी करते हैं। आसपास के लोग अगर विरोध करते हैं तो कुछ ही देर में बड़ी संख्या में उनके सहयोगी युवक आ जाते हैं। वह लोगों को धमकाते हैं और असलाहों से लैस होते हैं। पिछले मंगलवार को भी यहां इसी प्रकार की घटना हुई थी। पुलिस को शिकायत दी गई तो पुलिस ने एकपक्षीय कार्रवाई का आरोप है। स्थानीय जिन लोगों ने शिकायत की थी, उन्हीं पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। इससे आहत होकर स्थानीय लोगों ने आधा दर्जन के आसपास मकानों में पलायन वाले बोर्ड लगा दिए हैं। पलायन वाले बोर्ड का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। तो वहीं एसीपी स्तर के अधिकारी का भी वीडियो इस पूरे प्रकरण में सामने आया है। इस पूरे मामले में आईपीएस अधिकारी डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद यादव का कहना है कि पूरे प्रकरण की जांच कराई जा रही है। जिसके बाद निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी।

### समुदाय विशेष को लेकर है झगड़ा, पुलिस पर ढुलमुल रवैया का आरोप

करंट क्राइम : आकाश नगर में रहने वाले बबलू ने बताया है कि यहां एक समुदाय विशेष और जाति विशेष के व्यक्ति द्वारा बड़ी आबादी को परेशान किया जा रहा है। देर शाम को यहां असामाजिक तत्व और दबंग किस्म के लोग पहले शराब पीते हैं और फिर इलाके के लोगों के साथ बदसलूकी की जाती है। जो विरोध करता है, उसके साथ हाथापाई और डाराया धमकाया जाता है। पुलिस में भी मामले की शिकायत की गई, तो पुलिस कार्रवाई ढुलमुल थी। जिसके बाद लोगों ने पलायन वाले बोर्ड लगाए हैं। इस पूरे मामले पर पुलिस के शीर्ष अधिकारियों ने संज्ञान लेना शुरू कर दिया है। तो वहीं कुछ हिंदूवादी संगठन भी इस पूरे मामले में खुलकर सामने आ गए हैं।










### पूरे प्रकरण को लेकर बरती जा रही है गंभीरता : डीसीपी ग्रामीण

करंट क्राइम : डीसीपी ग्रामीण जोन विवेक चंद यादव का कहना है कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज किया था। इस पूरे मामले में पलायन जैसा कुछ नहीं है। दोनों पक्षों से बातचीत करते हुए मैंने खुद पूरे प्रकरण को गंभीरता से लिया है। जहां तक बबलू पक्ष का आरोप है, उसकी भी जांच होगी। फिलहाल मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।



### महिलाओं ने लगाया एसीपी पर दुर्व्यवहार का आरोप

करंट क्राइम : आकाश नगर के रहने वाले लोग जिन्होंने पलायन वाले बोर्ड लगाए हैं, उनका आरोप है कि उनके परिवार की महिलाएं जब इस पूरे मामले में एसीपी मसूरी से मिलने के लिए कार्यालय पहुंची तो उन्होंने उनसे ठीक से बातचीत नहीं की। आरोप है कि आरोपी पक्ष के घरों पर ही पुलिस पहुंची व बातचीत कर निकल गई थी। इसी के साथ जिस पक्ष ने शिकायत की थी, उसी पर गंभीर धाराओं में मुकदमा लिखा गया है, जबकि आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। उनके 1 से 2 लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया था, जिनको बाद में छोड़ दिया गया था। उधर इलाके के लोग कह रहे हैं कि पूरा मामला बीते कई दिनों से चल रहा है। जिसको लेकर माहौल गर्मा गया है।

### कई घरों पर लगे पलायन वाले पोस्टर

**पुलिस को शिकायत करते हैं तो पुलिस कार्रवाई नहीं करती**

**करंट क्राइम :** स्थानीय निवासी बबलू ने बताया है कि करीब आधा दर्जन परिवार ऐसे हैं, जो इस पूरे घटनाक्रम में पिस रहे हैं। पुलिस को शिकायत करते हैं तो पुलिस कार्रवाई नहीं करती है और अगर स्थानीय लोग विरोध करते हैं तो दबंग टाइप के लोग घरों पर आ जाते हैं। गाली-गलौज करते हैं और जान से मारने की धमकी भी देते हैं। इस मामले को लेकर इलाके के एसीपी पर भी पक्षपात पूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगा है।

### वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आए अधिकारी

करंट क्राइम : मसूरी थानाक्षेत्र के अंतर्गत आकाश नगर में जो पलायन के बोर्ड का वीडियो वायरल हुआ, उसके बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद देहात सिस्टम के अधिकारी अलर्ट मोड पर आए हैं। बताया जा रहा है कि पूरे मामले पर खुफिया विभाग भी एक्टिव हुआ है। उधर सूत्र बता रहे हैं कि इस पूरे मामले में अब कड़ी कार्रवाई होगी।

## प्रशासन ने की बड़ी कार्रवाई पर मिले सात ही किशोर श्रमिक

### कोई कर रहा था मोटर मैकेनिक के यहां काम, तो कोई ढाबे पर धो रहा था बर्तन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कार्यालय उप श्रमआयुक्त लोहिया नगर द्वारा पुलिस और प्रशासन की टीम को लेकर गाजियाबाद के लोनी और भोपुरा क्षेत्र में बाल एवं किशोर श्रम संशोधित अधिनियम-2016 के अंतर्गत कार्रवाई की गई। इस दौरान श्रम विभाग गाजियाबाद के अधिकारी, एएचटीयू थाना गाजियाबाद, चाइल्ड लाइन एवं एनजीओ का सहयोग लेकर अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान लोनी और भोपुरा के कई इलाकों में टीम ने छापेमारी की कार्रवाई की गई। प्रशासन की इस कार्रवाई को देख कई जगह हड़कंप की स्थिति भी देखने को मिली।

### पैसों के लालच में काम करते मिले किशोर श्रमिक



करंट क्राइम : श्रम परिवर्तन अधिकारी संदीप कुमार द्वारा नियोजन को भविष्य में बाल एवं किशोर श्रमिकों के कार्य न लिए जाने को लेकर चेतावनी दी गई। तो इस दौरान अभियान के तहत के मैसर्स इकराम ऑटोमोबाइल्स भोपुरा चौक साहिबाबाद, मैसर्स राजू ऑटोमोबाइल थाना टीलामोड़ के सामने लोनी गाजियाबाद में, मैसर्स फुरकान ऑटो रिपेयर निकट थाना टीलामोड़ लोनी में, मैसर्स अफसर बुलेट सर्विस सेंटर, तो वहीं राजकुमार ढाबा होटल लोनी रोड भोपुरा पर दो किशोर श्रमिकों को चिन्हित किया गया। बताया जा रहा है कि छापेमारी के दौरान कुल 7 किशोर प्रशासन के संज्ञान में आए। जिसमें चार की उम्र किशोर श्रमिक के अंतर्गत आती थी, उनको चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है।

### चलाया जाएगा जागरूकता कार्यक्रम

**करंट क्राइम :** एएचटीयू थाना प्रभारी जनपद गाजियाबाद तरुणा सिंह ने बताया है की टीम में संदीप कुमार सिंह, डॉ. रूपाली हंसराज श्रम परिवर्तन अधिकारी के साथ ही संजय कुमार सुपरवाइजर चाइल्डलाइन एवं रिजवान अली डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सहयोग केयर फॉर यू एनजीओ का सहयोग रहा। उन्होंने कहा आने वाले समय में इस तरह के अभियान और भी स्थानों पर चलाए जाएंगे।

## जाट रेजीमेंट में निकली अग्निवीरों के लिए नौकरी

### गाजियाबाद के भूतपूर्व सैनिकों के आश्रित पुत्र-पुत्री के लिए भी है मौका

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सेना की वर्दी शरीर पर पहनना और फिर तिरंगे की रक्षा करने का सपना हर युवा के अंदर होता है। ऐसा मौका फिर सेना की ओर से दिया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार जाट रेजीमेंट में अग्नि वीरों के लिए नौकरी निकाली गई है। इसमें जनपद गाजियाबाद के भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों के पुत्र-पुत्री को सूचित किया गया है की यूनिट हेडक्वार्टर कोटे के तहत जाट रेजीमेंट सेंटर बरेली में अग्नि वीर जनरल ड्यूटी, जीडी अग्नि वीर ट्रेंड्स में एवं अग्नि वीर क्लर्क के लिए नौकरी निकली है। 1 से 8 जुलाई तक सेना में भर्ती की जाएगी। इसका लाभ गाजियाबाद के पूर्व सैनिक और सैनिक परिवारों को भी मिल सकता है। इसके तहत जानकारी दी गई है कि जो भी सेना में अग्नि वीर बनना चाहता है सैनिक आश्रित है, वह 1 जुलाई 2024 से पहले अपने सभी शैक्षिक प्रमाण पत्र, आश्रित प्रमाण पत्र, स्पॉन्सर प्रमाण पत्र, दो चरित्र प्रमाण पत्र अपने माता-पिता के दस्तावेजों के साथ जाट रेजीमेंट सेंटर बरेली में जाकर सेना भर्ती होने का लाभ उठा सकते हैं।

**एक जुलाई से आठ जुलाई तक बरेली जाट रेजीमेंट में होगी चयन प्रक्रिया**



### मिल सकता है बड़ी संख्या में युवाओं को लाभ

**करंट क्राइम :** अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार जाट रेजीमेंट में अग्नि वीरों के लिए जो नौकरी निकली है। उसमें तीन कैटेगरी हैं, जिसमें अलग-अलग कैटेगरी के लिए आवेदन मांगे गए हैं। आवेदन देने वालों के बाद में पूरी प्रक्रिया के बाद चयन किया जाएगा। इसके लिए आवश्यक दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 1 जुलाई 2024 में निर्धारित की गई है, जबकि यह पूरी प्रक्रिया 1 से 8 जुलाई तक रेजीमेंट सेंटर बरेली में आयोजित की जाएगी। बता दें कि सरकार ने अग्नि वीर योजना चालू की थी। जिसके तहत यह चयन प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

## पूर्व सांसद केसी त्यागी ने लखनऊ में किया चुनाव प्रचार जनसम्पर्क से लेकर जनसभाओं में हुए उनके दीदार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व सांसद केसी त्यागी राजनीति का एक बड़ा चेहरा हैं। उन्हें विशुद्ध रूप से सियासत का थिंक टैंक माना जाता है। राजनीति के बड़े गलियारों में उनका नाम अदब से लिया जाता है। राजनीति के गुणाभाग को वो बेहतर जानते हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि राजनीति के फलक पर उन्होंने अपनी पहचान एक प्रतिष्ठित चेहरे के रूप में बनाई है। कैबीनेट मंत्री राजनाथ सिंह से केसी त्यागी की सियासी ट्यूनिंग भी बेहतर बताई जाती है और दोनों के बीच वैचारिक संबंध भी बढ़िया है। अब ये सरकार से ज्यादा व्यवहार का मामला है और तभी तो केसी त्यागी जैसे राजनीतिक व्यक्तित्व में लखनऊ में चुनाव प्रचार के लिए डेरा डाला है। केसी त्यागी इन दिनों लखनऊ में है और वो भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार और कैबीनेट मंत्री राजनाथ सिंह के लिए चुनाव प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने लखनऊ में राजनाथ सिंह के समर्थन में जनसभाओं को सम्बोधित किया।



वो जनसम्पर्क अभियान में साथ रहे हैं। केसी त्यागी की लखनऊ में चुनावी मौजूदगी में यहां एक सकारात्मक संकेत के आसार दिये हैं।

## जिला निर्वाचन अधिकारी कर रहे हैं लगातार स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**जैसे-जैसे मतगणना की डेट आ रही है पास, अधिकारी इंतजामों पर ध्यान दे रहे हैं खास**

### गर्मी को लेकर सुरक्षाकर्मियों और स्टाफ को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को मतदान हो चुका है। मतदान के बाद अब ईवीएम की सुरक्षा को लेकर अधिकारी अलर्ट मोड पर हैं। बीते दिनों उत्तर प्रदेश निर्वाचन आयोग के मुख्य अधिकारी नवदीप रणिवा ने यहां का औचक निरीक्षण किया था। आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। इसी क्रम में जिला अधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। तो वहीं मतगणना को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही सुरक्षा, पेयजल, विद्युत और स्वच्छता का ध्यान रखने के लिए बैठने के लिए उपयुक्त स्थान चिह्नित किए। वहीं जून की भीषण गर्मी को देखते हुए भी स्ट्रांग रूम और कंट्रोल रूम की निगरानी में लगे पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को लू और गर्मी से बचने का सुझाव दिया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते हुए यहां लगे सीसीटीवी की भी जांच की।





### अधिकारियों को निर्देश मतगणना के दौरान गर्मी का भी रखें ध्यान



करंट क्राइम : 4 जून को लोकसभा चुनाव के बाद ईवीएम में कैद हुए मतों की गणना होनी है। इसको लेकर लगातार अधिकारी निरीक्षण और व्यवस्था को दुरुस्त करने में लगे हुए हैं। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के नेतृत्व में एडीएमई, एसडीएम सदर और निर्वाचन के नोडल अधिकारियों ने यहां स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। मतगणना वाले दिन 4 जून को सुरक्षा संबंधी छोटी-छोटी चूक पर निगरानी रखने के निर्देश दिए। साथ ही लोगों के बैठने के लिए छायादार जगह की व्यवस्था, सफाई के साथ ही गर्मी को देखते हुए पंखे, कूलर, पीने योग्य पानी की व्यवस्था और विद्युत व सफाई व्यवस्था को लेकर भी अधिकारियों से बातचीत की। इसके साथ ही अधिकारियों ने कंट्रोल रूम और मॉनिटरिंग रूम का भी निरीक्षण किया।

# बंगाल में रामनवमी प्रतिबंधित करने वालों की जमानत जब्त कर दें : पीएम मोदी

**भदोही।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भदोही की जनसभा में तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि बंगाल में रामनवमी प्रतिबंधित करने वालों की जमानत जब्त कर दीजिए। भदोही को सियासी प्रयोगशाला न बनने दें। पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को पूर्वांचल दौरे पर रहे। इस दौरान आजमगढ़, जौनपुर के बाद भदोही में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भदोही में सपा-कांग्रेस के लिए जमानत बचाना भी मुश्किल हो गया है। इसलिए, ये भदोही में सियासी प्रयोग कर रहे हैं। ये यूपी में बंगाल की टीएमसी राजनीति का ट्रायल करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि टीएमसी राजनीति यानी राम मंदिर को अपवित्र बताना, इनकी राजनीति यानी रामनवमी मनाने पर प्रतिबंध लगाना। ये लोग बांग्लादेशी घुसपैठियों को



संरक्षण देते हैं। इनकी राजनीति वोट जिहाद के अलावा कुछ नहीं, टीएमसी की राजनीति यानी हिंदुओं की हत्या, दलितों-आदिवासियों का उत्पीड़न, टीएमसी राजनीति यानी महिलाओं पर अत्याचार। वहां टीएमसी के विधायक कहते हैं कि हिंदुओं को गंगा में डुबोकर मार देंगे। सपा यूपी को इसी दिशा में लेकर जाना चाहती है। पीएम मोदी ने कहा कि सपा सरकार के समय यूपी में आतंकियों को स्पेशल प्रोटोकॉल मिलता था। सपा सरकार आतंकी संगठन सिमी पर मेहरबान थी। इन्होंने सिमी के सरगना को जेल से छोड़ दिया था। बाद में यूपी में कई जगह बम धमाके हुए थे। बुआ-बबुआ की राजनीति से बचकर रहने की जरूरत है। समाजवादी के शहजादे से एक सवाल करना चाहता हूं कि बंगाल की बुआ तो आपकी इतनी करीबी हैं, बंगाल से आपके पास आई हैं। कभी आपने नई बुआ को पूछा, क्यों बंगाल में यूपी-बिहार वालों को बाहरी कहती हैं। हमारा देश है, हम सभी भारतीय हैं, हम भारत माता की संतान हैं, फिर बंगाल में जाने वाले यूपी के लोगों को टीएमसी गाली क्यों देती है। गाली देने के बाद यहां यूपी में आकर वोट भी मांगती हैं। यूपी के लोगों को टीएमसी-सपा ने क्या समझ रखा है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि भदोही रिंग रोड का काम भी हो रहा है। मछलीशहर से बनारस तक नेशनल हाईवे का काम हो रहा है। यूपी में 17 एयरपोर्ट हैं। 3 एयरपोर्ट और बन रहे हैं। बनारस से देश-विदेश के लिए इतनी फ्लाइट उड़ने लगी है। हमारे भदोही में रेलवे लाइन अब डबल हो गई है। विकास के इन कामों का फायदा यहां के किसानों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि सपा की सरकार में 'वन जिला, वन माफिया' का दौर चलता था। इन्होंने हर जिला में अलग माफिया दिया। इनका साम्राज्य हर जिले में था। इन लोगों ने एक-एक माफिया को एक जिले को ठेके पर देकर रखा था। यहां व्यापारी सुरक्षित नहीं था। महिलाएं सुरक्षित नहीं थीं। युवाओं का कोई भविष्य नहीं होता था, लेकिन, जब से योगी जी आए हैं, जनता नहीं डरती। माफिया डरते हैं। कांग्रेस जात-पात के नाम पर गांव के गरीब मजदूर किसान का वोट लूट लेती थी। गरीब का बेटा जब प्रधान सेवक बना तो सभी के लिए योजना चलाई। मैंने अपना घर तो नहीं बनाया, लेकिन, गरीब मां का बेटा हूं, मैंने चार करोड़ गरीब परिवारों के लिए घर बनाए।

# लोकसभा चुनाव के चार चरणों में भाजपा चारों खाने चित हो गई : अखिलेश यादव

**बांदा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को बांदा में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि चार चरणों के वोट पड़े हैं, उसमें भाजपा चारों खाने चित हो गई है। आपने देखा होगा, अब तो आंसुओं की नदी बहने लगी है, इस बार आंसुओं का पानी खतरे के ऊपर बह रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने युवाओं को धोखा देने का काम किया है। कोरोना काल में इन्होंने जो वैक्सीन लगवाई, आज वो लोगों की जान ले रही है। कंपनी कह रही है कि हम वैक्सीन वापस लेंगे। शरीर में जो वैक्सीन चली गई, उसे कैसे वापस लिया जा सकता है? सपा प्रमुख ने आगे कहा कि पेपर लीक नहीं हुए, सरकार ने पेपर लीक कराए हैं, क्योंकि, नौजवानों को नौकरी देनी ना पड़ा जाए, यह सरकार जानती है, अगर सरकारी नौकरी देंगे तो आरक्षण देना पड़ेगा, पीडीए के परिवार



के नौजवानों को उनका हक देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आज नौजवानों के सामने कोई नौकरी का रास्ता नहीं बचा और जब कभी नौकरी की परीक्षा हुई तो पेपर लीक हो गया। इस सरकार में 10 से ज्यादा परीक्षाएं रद्द हुई। भाजपा ने वादा किया था किसानों की आय दोगुनी करेंगे, किसी किसान की आय बढ़ी? इन्होंने केवल महंगाई बढ़ाई और खाद की बोरी से 10 किलो की चोरी की। बड़े-बड़े उद्योगपति बैंकों का पैसा लेकर भाग गए थे, वैसे ही नैनो यूरिया बनाने वाले भाग गए हैं। उन्होंने कहा कि इस बार जो देश का चुनाव होने जा रहा है, ये हमारे आपके भविष्य का चुनाव है। एक तरफ वो लोग हैं, जो संविधान को बचाना चाहते हैं और दूसरी तरफ वो लोग हैं, जो संविधान बदलना चाहते हैं। बुंदेलखंड के लोगों ने मन बना लिया है और इस बार ऐसा संदेश जाना वाला है बुंदेलखंड से कि एक भी सीट जनता भाजपा को जीतने नहीं देगी। बुंदेलखंड की जनता भारतीय जनता पार्टी के अहंकार को खंड-खंड करेगी।

## न्यूज डायरी

### बाइक के गहरे गड्ढे में गिरने से एक की मौत ,दूसरा घायल

**मुरादनगर,करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में रावली सुराना मार्ग पर गांव काकड़ा पुल के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी।। इस हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई,जबकि दूसरा गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सूचना दे दी है। जिला बागपत के थाना खेकड़ा के गांव साकरौंद निवासी 44 वर्षीय यामीन पुत्र इस्माइल अपने साथी रहीशु पुत्र गरीबा के साथ बाइक पर गुरुवार को दवाई लेने जिला गौतमबुद्धनगर के दादरी जा रहे थे। दोपहर बारह बजे के आसपास जब वह रावली सुराना मार्ग पर गांव काकड़ा पुल के पास पहुंचे तो अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई। बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने एक छह फीट गहरे गड्ढे में जा गिरी। चीख पुकार सुन वहां से गुजर रहे राहगीरों ने दोनों को गड्ढे से बाहर निकालकर नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टरों ने यामीन को मृत घोषित कर दिया,जबकि हालत गंभीर होने पर रहीशु को गाजियाबाद के लिए रेफर कर दिया गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### एटीएम कार्ड बदलकर निकाले 61 हजार रुपए ,रिपोर्ट दर्ज

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र की जीतपुर कॉलोनी निवासी एक युवक का एटीएम कार्ड बदलकर उनके खाते से 61 हजार रुपए निकालने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। नगर की जीतपुर कॉलोनी निवासी प्रकाशचंद्र परिवार सहित रहते हैं। उनका पुत्र रोहित रावली रोड पर एटीएम से पैसे निकालने के लिए गया था। जब वह पैसे निकाल रहा था तो उसके पीछे लाइन में दो युवक और मौजूद थे। इसके बाद उन युवकों ने रोहित को बातों में लगाकर एटीएम कार्ड बदल लिया। इसके बाद ठगों ने खाते से कई बार में 61 हजार रुपए निकाल लिए। मोबाइल पर मैसेज आने पर इसकी जानकारी हुई। जब उन्होंने अपना एटीएम कार्ड देखा तो वह नवल सिंह नामक व्यक्ति का था। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि नवल सिंह व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। उन्होंने बताया कि जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ऋण माफ कराने व सरकारी फर्मो के ठेके दिलाने का झांसा देकर लाखों की ठगी

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** सरकारी अधिकारियों से सांठगांठ कर बैंक से ऋण माफ कराने, पीडब्ल्यूडी में ठेका दिलाने का झांसा देकर युवको से लाखोंरुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। ठगी के शिकार हुए दो लोगों ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है।। गोविन्दपुरी स्थित ओम साई कॉलोनी निवासी रविंद्र गिरि ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप मढ़ा है कि कॉलोनी में ही एक राणा नाम से रहने वाले युवक ने उससे कहा कि उसकी सरकारी विभागों में पकड़ है और उपभोक्ता फोरम के जरिये वह होम लोन समाप्त करा देता है। झांसे में आये रविंद्र गिरि ने होम लोन समाप्त कराने की एवज में एक लाख 68 हजार रुपए उसे दे दिये। काम नहीं होने पर जब उन्होंने अपने पैसे वापस लेने को तगादा किया तो उन्हें धमकी दी और उनका फोन ब्लॉक कर दिया। इसी प्रकार गांव बिशोखर के विपिन नामक युवक ने लोक निर्माण विभाग में ठेकेदारी करने के नाम पर आरोपी को एक लाख 70 हजार रुपए दे दिये। तगादा करने पर आरोपी ने झूठे केस में फंसाने की धमकी दे डाली। ठगी का शिकार हुए दोंनों लोगों की ओर से पुलिस ने आरोपी के विरुद्व अलग-अलग दो रिपोर्ट दर्ज कर ली हं। आरोपी का सही नाम नहीं पता चल सका हैं, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### विवाह समारोह में शामिल होने आये युवक पर धारदार हथियार से हमला

मोदीनगर, करंट क्राइम। विवाह समारोह में शामिल होने आये एक युवक पर गांव के ही लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर उसे घायल कर दिया, युवक के सिर में चोट आई है। पुलिस ने पांच लोगों को नामजद किया हैं वहीं गांव तोड़ी-13 बिस्वा में भी बाप बेटे पर जानलेवा हमला किया गया। बुलंदशहर के बीबीनगर थानान्तर्गत गांव तिसौला निवासी भोपी यहां अपनी बहन संतोष के यहां आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने आया था, भांजे का भात देने के बाद जब वह समारोह से लौट रहा था, तभी गांव के ही कुछ युवकों ने उसे रोक लिया और गाली गलौज देते हुए उसे पीटना शुरू कर दिया। युवकों ने धारदार हथियारों से उसके सिर पर कई वार किये जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ा। समारोह में शामिल लोगों को जब घटना की जानकारी हुई तो वे उस ओर दौड़े और उन्हें देख आरोपी भाग निकले। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि इस घटना में गांव के ही सुशील, भोपेंद्र, शिवम, शिवा सहित पांच को नामजद किया गया है, आरोपी फरार है। दूसरी ओर गांव त्योड़ी-13 बिस्वा निवासी मुहम्मद उमर का 17वर्षीय पुत्र कंस जब घर लौट रहा था, तभी गांव के कुछ युवकों ने उसे गाली दे दी जिसका विरोध करने पर इन लोगों ने लाठी डंडों से उसे पीटकर घायल कर दिया। बीच बचाव में आये उसके पिता मोहम्मद उमर की भी पिटाई कर दी। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। पुलिस ने इस मामले में हारुन, जमशेद, जिशान निवासी त्योड़ी-7 बिस्वा को नामजद किया है।

### एनसीसी कैडेट्स को सर्टिफिकेट दिये गये

मोदीनगर, करंट क्राइम। एनसीसी के कैडेट्स को सर्टिफिकेट वितरित किये गये। सर्टिफिकेट 35 यूपी बीएन एनसीसी के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल आरपी दहिया द्वारा वितरित किए गए। इस मौके पर कर्नल दहिया ने कैडेट्स को एनसीसी के क्या-क्या फायदे हैं, उनके बारे में बताया तथा एनसीसी की सहायता से कैसे देश की सेवा की जा सकती है उसके बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए यह भी बताया कि आर्मी में कैसे भर्ती हो सकते हैं। इस मौके पर कार्यकारी प्रधानाचार्य डॉ0 सतीश चंद, एनसीसी ऑफिसर सुखविंदर सिंह तेवतिया, सूबेदार मेजर राजेंद्र सिंह व हवलदार संतोष आदि भी उपस्थित रहे।

### राशन विक्रेता ने महिला से की छेड़छाड़

मोदीनगर, करंट क्राइम। एक महिला ने राशन विक्रेता पर अश्लील फब्तियां कसने व छेड़छाड़ किये जाने का आरोप लगाया है। विरोध जताने पर आरोपी पक्ष ने चुन्नी से महिला का गला घोंटकर हत्या करने का प्रयास किया, और उसके पति को बेरहमी से लात घूसों से पीटकर घायल कर दिया। निवाड़ी थानान्तर्गत एक गांव निवासी महिला ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि गांव के ही राशन विक्रेता दाताराम के यहाँ दुकान पर जब वह राशन लेने पहुंची तो उसने अकेला देख उसके साथ छेड़छाड़ करनी शुरू कर दी। विरोध जताया तो आरोपी ने उसकी चुन्नी से गला घोंटकर हत्या का प्रयास किया। जान बचाकर भागी महिला ने यह जानकारी अपने पति को दी। जब पति विरोध जताने उसके घर पहुंचा तो राशन विक्रेता पक्ष के लोगों ने उसे लात घूसों से पीटकर घायल कर दिया।

# जेल जाने के बाद भी आलमगीर आलम का मंत्री पद पर बने रहना शर्मनाक : अरुण सिंह

**रांची।** भ्रष्टाचार के मामले में जेल जाने के बावजूद झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम ने न तो इस्तीफा दिया है, न ही उनके खिलाफ सीएम ने कोई कार्रवाई की है। जिसे भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने बेहद शर्मनाक बताया है।

गुरुवार को रांची में झारखंड भाजपा के प्रदेश कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जब मंत्री आलमगीर आलम के पीएस और उनके नौकर के घर से 38 करोड़ मिले तो उनके पास कितने करोड़ की अवैध रकम होगी, यह समझना मुश्किल नहीं है। इसके बावजूद इस पूरे मामले में सीएम और कांग्रेस की ओर से कोई कार्रवाई न होना शर्मनाक है। इस राज्य में लैंड, सैंड, स्टोन और लीकर माफिया की



सरकार चला रही है। राज्य के सीएम और मिनिस्टर जेल चले गए। दो आईएएस जेल में हैं। ऐसी हालत देश के किसी दूसरे राज्य में नहीं है।

उन्होंने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के चार फेज हो चुके हैं। इसमें ही पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए ने बहुमत का आंकड़ा प्राप्त कर लिया है और आगे के चरणों में होने वाले चुनाव में हम 400 सीटों का लक्ष्य हासिल करने की तरफ बढ़ेंगे। आंध्र प्रदेश, बंगाल, तेलंगाना, ओडिशा और अन्य राज्यों में भाजपा को एकतरफा सीटों का लाभ हुआ है। झारखंड में 14 में से 14 सीटें जीतेंगे। देश की जनता ने पीएम मोदी पर विश्वास व्यक्त किया है। यही वजह है कि इंडी गठबंधन के नेता हताशा में अनर्गल आरोप लगा रहे हैं। पीएम मोदी 23 सालों से लगातार मुख्यमंत्री-प्रधानमंत्री के पदों पर हैं, लेकिन, उन पर आज तक एक रुपए भी इधर-उधर करने का आरोप नहीं लगा। अरुण सिंह ने आगे कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी चलती पार्लियामेंट के दौरान सैर-सपाटे के लिए थाईलैंड-इटली चले जाते हैं। दूसरी तरफ हमारे प्रधानमंत्री ने अपने पूरे कार्यकाल में एक दिन की भी छुट्टी नहीं ली। वह त्योहार भी सेना के जवानों के बीच मनाते हैं। तीसरी बार केंद्र में सरकार आने के बाद पूरे देश में हम यूसीसी को लागू करेंगे। इसके अलावा 'वन नेशन, वन इलेक्शन' को भी हम कार्यान्वित कराएंगे।

# इनरव्हील क्लब मोदीनगर स्मार्ट के कार्यक्रम में उपलब्धियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** इनरव्हील क्लब मोदीनगर स्मार्ट के एक कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि डॉ. उर्वशी मित्तल द्वारा दीप प्रज्जवलित व गणेश वंदना से की गई। क्लब की अध्यक्ष रेनू मित्तल द्वारा क्लब का पूरे वर्ष किए गए कार्यों का लेखाजोखा उनके सामने प्रस्तुत किया गया। क्लब की डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन डॉ. उर्वशी मित्तल ने क्लब द्वारा किए गए सेवा कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने क्लब में नए सदस्यों को इंडक्ट कराया व इनरव्हील के क्रियाकलापों के बारे में विस्तार से बताया। सचिव नीता माहेश्वरी द्वारा पूरे वर्ष किए गए सेवा कार्यों का विस्तृत विवरण दिया गया। मंच का संचालन क्लब की कोषाध्यक्ष डॉ0 सारिका गर्ग द्वारा किया गया। आईएसओ मीनाक्षी गुप्ता व एडिटर ज्योति अग्रवाल द्वारा अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इस दौरान दर्शना नौटियाल के नेतृत्व में बच्चों द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंत में वाइस प्रेसिडेंट लता गर्ग ने सभी का धन्यवाद किया। क्लब से श्वेता गुप्ता, रेनू गुप्ता, पारुल मोदी, रुचि त्यागी, रुचि गुप्ता, राधिका महेश्वरी, रितु अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, रिचा गोयल, मोना अग्रवाल, संजना, मुदिता, मेघा, मोनिका, श्वेता अग्रवाल, अंजू, मंजू, अंजलि व आरती आदि ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

# देश में महंगाई चरम पर है और महिलाएं परेशान हैं : प्रियंका गांधी

**रायबरेली।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने रायबरेली में गुरुवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश में महंगाई चरम पर है और महिलाएं परेशान हैं। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी कहते हैं कि हमने 10 साल में जो किया, वो काम कांग्रेस 70 साल में नहीं कर पाई। जबकि, सच्चाई यह है कि देश में महंगाई चरम पर है, महिलाएं परेशान हैं। खेती महंगी हो गई, किसान आवारा पशु से परेशान है। देश में 45 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है, युवा परेशान हैं। पुरानी पेंशन नहीं मिलने से सरकारी कर्मचारी भी परेशान हैं। जीवन में तरक्की नहीं हुई, सिर्फ लोगों की मुश्किलें बढ़ी हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि मेरी माता जी आपकी सांसद रहीं। आज मेरे भाई आपके प्रत्याशी हैं। आपने खुद देखा है कि बीते 20 वर्षों में यहां कई विकास के काम हुए। हमारा और आपका रिश्ता सिर्फ



राजनीतिक नहीं रहा, बल्कि प्रेम-आदर का रहा है। रायबरेली की जनता की राजनीतिक चेतना हमेशा मजबूत रही है, जिसके चलते यहां नेता जनता के प्रति सदैव जवाबदेह रहे। उन्होंने कहा कि लोग गौमाता की बात करते हैं, लेकिन, यहां के गौशालाओं में गाय के लिए चारा-पानी और छप्पर तक नहीं है। गाय धूप में लेटी रहती है, चारा-पानी न होने से उनकी मौत हो जाती है। छत्तीसगढ़ में भी आवारा पशु की समस्या थी। हमने सरकार में रहते हुए महिलाओं को गौशालाओं में रोजगार दिया। सरकार ने गोबर खरीदी प्रक्रिया शुरू की, जिससे आवारा पशुओं की समस्या हल हो गई। भाजपा सरकार बड़े लोगों का कर्ज माफ कर देती है, लेकिन, एक गरीब किसान 50 हजार का कर्ज नहीं चुका पाता है, उसे खुदकुशी करनी पड़ती है।

# बिहार के सीतामढ़ी में माता सीता का भव्य मंदिर बनेगा : अमित शाह

**सीतामढ़ी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को सीतामढ़ी में जदयू के प्रत्याशी देवेश चंद्र ठाकुर के समर्थन में आयोजित एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में ऐसा धाम बनेगा, जिसे दुनिया के लोग देखने आएंगे। यहां भव्य मंदिर सिर्फ और सिर्फ नरेंद्र मोदी और भाजपा ही बनवा सकती है। सीतामढ़ी को राम सर्किट से जोड़ा जाएगा। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस और राजद वाले 70 साल तक धारा-370 हटाने का विरोध करते रहे। लालू यादव और राहुल गांधी कहते थे कि 370 मत हटाओ, खून की नदियां बह जाएगी। लेकिन, पीएम मोदी ने आते ही 370 हटाया। कांग्रेस और फारुख अब्दुल्ला पाकिस्तान के परणामु बम से डराते हैं। लेकिन, पीओके भारत का था, है और हमेशा रहेगा। इसे हम पाकिस्तान से लेकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के कार्यक्रम में इंडी गठबंधन वालों को



बुलाया गया था, लेकिन कोई नहीं गया। ये अपने वोट बैंक से डरते हैं। हम उस वोट बैंक से नहीं डरते हैं। समय आ गया है सीतामढ़ी में माता सीता का भव्य मंदिर बनेगा। कांग्रेस और राजद के लोगों ने कई साल तक राम मंदिर को लटकाकर रखा। जब आपने मोदी जी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया तब केस भी जीता, मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की और भव्य मंदिर भी बना। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए उन्होंने कहा कि वह तो कोरोना वैक्सीन पर सवाल उठाते थे। रात में चुपके से जाकर वैक्सीन लगवा ली। आज लालू यादव सत्ता की राजनीति के लिए, अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाने के लिए जिस कांग्रेस पार्टी ने पिछड़ों और अति पिछड़ों का विरोध करने में पूरा जीवन निकाला, उस कांग्रेस पार्टी की गोद में जाकर बैठ गए हैं। उन्होंने कांग्रेस को पिछड़ा विरोधी बताते हुए कहा कि मंडल कमीशन की रिपोर्ट पर जब चर्चा हो रही थी तो राजीव गांधी ने ढाई घंटे तक उसका विरोध किया। महिलाओं को आरक्षण देने का विरोध भी कांग्रेसी कर रहे थे। मोदी जी आए तो पिछड़ा वर्ग आयोग बनाया। पिछड़ा वर्ग को संवैधानिक मान्यता दी। उन्होंने सवालिया लहजे में पूछा कि लालू जी आप सालों से पिछड़ा वर्ग की राजनीति कर रहे हो, लेकिन, ऐसी क्या मजबूरी है जो कांग्रेस की गोद में जाकर बैठ गए। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने पिछड़ों और गरीबों के नेता कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न दिया और उनके राह पर चल भी रहे हैं।

# विकसित भारत एंबेसडर : पीएम मोदी के क्लियर विजन की वजह से सेमीकंडक्टर हब बनने वाला है भारत : अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली।** मुंबई के एनएसई ऑडिटोरियम बांद्रा कॉम्प्लेक्स में आयोजित 'विकसित भारत एंबेसडर' कार्यक्रम में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, फिल्म मेकर सुभाष घई, अभिनेता शेखर सुमन समेत कई हस्तियां शामिल हुईं। अश्विनी वैष्णव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 1962 में सेमीकंडक्टर के लिए सबसे पहला प्रयास शुरू हुआ। इसके बाद से सरकारें आती-जाती रही। फिर, साल 2011 में इसे आगे बढ़ाने को लेकर प्रयास किया गया। आखिरकार पीएम मोदी ने क्लियर विजन के साथ 1 जनवरी 2022 में पॉलिसी बनाई और इस पर काम शुरू हुआ। बहुत कम समय में 4 यूनिट शुरू करने की तैयारी है। जिसका अभी कंस्ट्रक्शन चल रहा है और आने वाले समय में दुनिया की कोई भी बड़ी कंपनी की कार, बड़ी टेलीकॉम कंपनी और मोबाइल फोन के चिप्स मेड इन इंडिया के तहत तैयार होगी और दुनिया के हर



हिस्से में जाएगी। उन्होंने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि चिप्स की बात आती है तो आलू याद आ जाता है। कोई है जो बोलते हैं कि एक तरफ से आलू डालो, दूसरी तरफ से सोना निकलेगा। कार्यक्रम में शामिल हुए सुभाष घई ने कहा कि सभी लोग चाहते हैं कि हमारा देश भारत विकसित हो। भारत सपनों से भरा है और विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में काम कर रहा है। विकसित भारत के लिए पीएम मोदी ने पिछले 10 साल में हर क्षेत्र में काम किया है। नरेश ओझा ने बताया कि भारत का विकास आज हर क्षेत्र में हो रहा है। रेलवे, सड़कें, एविएशन मिनिस्ट्री के अंदर आज ऐसी कोई चीज नहीं है, जहां हम अधूरे हैं। मुंबई के लोगों को आज से 10 साल पहले यह नहीं पता था कि सी-लिंक के अलावा कोई और भी रोड बनेगा। आज जो नया रोड बना है, उसका आप आधुनिकीकरण और व्यवस्थाएं देखिए। लोगों को उससे सरलता हुई है। आज रोड से सफर करने वाले लोग काफी खुशी महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले 5 साल में शिक्षा, अस्पताल, रेलवे, एविएशन समेत कई क्षेत्रों में बेहतर विकास होगा, जिससे आम लोग लाभान्वित होंगे। गांव के छोटे अस्पतालों की स्वास्थ्य सेवाओं में भी विकास देखने को मिलेगा। भाजपा सरकार में पहले से ज्यादा विकास हुआ है, लोगों में खुशी है। 'विकसित भारत एंबेसडर' कार्यक्रम में शामिल होने वाली आकांक्षा ने कहा कि मोदी सरकार में विकसित भारत बहुत आगे जाएगा। कार्यक्रम में बताया गया कि भारत पांचवी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनी है और जल्द हम तीसरे नंबर पर पहुंचने वाले हैं। 'मेक इन इंडिया' की वजह से एंप्लॉयमेंट जेनरेशन में तेजी हुई है। पिछले 10 साल में भारत में सबसे ज्यादा ग्रोथ हुआ है। विदेशों में भारत का नजरिया बदल चुका है। भारत में पीएम मोदी के अलावा फिलहाल कोई और विकल्प नहीं है।

# महापुरुषों की पुण्यतिथि पर खेलों का आयोजन कराना सच्ची श्रद्धांजलि : बाबा परमेन्द्र आर्य

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** किसान मसीहा बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर गांव रोरी महाराजा सूरजमल अखाड़े में क्षेत्रवासियों ने एकत्रित होकर उनके चित्र पर दीप प्रज्वलित किया व



पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। भाकियू नेता प्रवीन मलिक ने कहा कि बाबा टिकैत जीवन भर किसानों की भलाई के लिए संघर्ष करते रहे। उनके त्याग, तप व लड़ाई के कारण आज किसान अपने स्वाभिमान से गुजर बसर कर रहा है। श्रद्धांजलि उपरांत कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व प्रधानाचार्य बिजेन्द्र सिंह नेहरा रहे। नेहरा ने पहलवानों को पुरुस्कार राशि देकर उन्हें प्रोत्साहित किया। लडकों व लडकियों ने बेहतरीन कुश्ती का प्रदर्शन किया। श्योराण खाप के चौधरी व अखाड़े के संचालक बाबा परमेन्द्र आर्य ने अतिथियों को खाप का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। बाबा ने दंगल देखने आये ग्रामीणों को कहा कि महापुरुषों की पुण्यतिथि पर खेलों का आयोजन करवाना उनको सच्ची श्रद्धांजलि है। महापुरुषों से प्रेरणा लेकर ही आने वाली पीढ़ी देश व समाज हित में काम करेगी। दंगल को सफल बनाने में दुष्यन्त चौधरी, कपिल सेहरावत, मुखिया पहलवान छपरौली, विपिन राठी, अभिषेक पहलवान, विराट सांगवान, रामनारायण राणा, राजेन्द्र सिंह, मनोज कुमार, पप्पी नेहरा, टीनू दुहाई, शरणवीर पहलवान, निजाम पहलवान व नवाब सिंह अहलावत आदि का योगदान रहा। दंगल देखने के लिए काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...









● नई दिल्ली ।। शुक्रवार 17 मई -2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







# जनप्रतिनिधियों से मुक्त हो गया जिला गाजियाबाद

## मंत्री से लेकर विधायक तक लड़वा रहे हैं बाहर के जिलों में जाकर चुनाव

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वैसे तो मतदान के बाद से ही चुनावी वैकेशन का माहौल हो जाता है। क्योंकि चुनाव प्रचार की भाग दौड़ के बाद उम्मीदवार और उनके समर्थक मतदान के बाद अपनी थकान उतारते हैं और जीत हार का अनुमान लगाते हैं। इस बूथ से उस बूथ पर मिलने वाले वोटों का आंकलन करते हैं। लेकिन गाजियाबाद जिला 26 अप्रैल के बाद से जनप्रतिनिधियों से मुक्त हो गया है। यदि आपको किसी जनप्रतिनिधि से कोई काम है तो बेहतर होगा कि 4 जून के बाद ही सम्पर्क करें। हालांकि ऐसा नहीं है कि जनप्रतिनिधि अगर बाहर है तो वो कोई व्यवस्था नहीं करके गये हैं।
जनप्रतिनिधियों के आवास पर उनके प्रतिनिधि मौजूद हैं लेकिन जनप्रतिनिधि अब शहर में नहीं है। गाजियाबाद की लोकसभा जनप्रतिनिधियों से मुक्त हो गई है और मंत्री से लेकर विधायक तक अब बाहर जाकर चुनाव लड़वा रहे हैं चुनाव प्रचार कर रहे हैं। ये अपने घरों पर नहीं है और सबकी ड्यूटी चुनाव प्रचार में लगी है। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप से लेकर कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा दूसरे जिलों में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। जैसे जैसे चुनावों के चरण बढ़ रहे हैं वैसे वैसे इन नेताओं के चरण अलग अलग लोकसभाओं में पड़ रहे हैं। कोई पूर्वांचल में है तो कोई पंजाब की राजधानी में प्रचार कर रहे हैं। विधानसभा वालों से लेकर लोकसभा के उम्मीदवार तक बाहर है। गाजियाबाद फिलहाल जनप्रतिनिधियों से मुक्त हो गया है।

### नरेन्द्र कश्यप घर से दूर कर रहे पूरी यूपी का टूर



करंट क्राइम। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप गाजियाबाद के संजय नगर इलाके में रहते हैं। उन पर पार्टी ने भरोसा जताते हुए उन्हें पूरे यूपी में चुनाव प्रचार की कमान सौंपी है। नरेन्द्र कश्यप पूरे यूपी में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। वो घर से दूर है और पूरे यूपी में चुनावी टूर कर रहे है। उन्होंने अलीगढ़, हाथरस में डेरा डालकर चुनाव प्रचार किया। उसके बाद मुजफ्फरनगर में चुनाव प्रचार की कमान संभाली। फिर सहारनपुर और बिजनौर में नरेन्द्र कश्यप ने चुनावी सभाओं से लेकर चुनाव प्रचार में भाग लिया। इन दिनों नरेन्द्र कश्यप लखनऊ में चुनाव प्रचार कर रहे हैं और फिर वो अमेठी और वाराणसी में चुनाव प्रचार की कमान संभालेंगे।

### कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा रायबरेली से वाराणसी तक कर रहे हैं प्रचार



करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा नंबर वन विधायक हैं। वो देश की सबसे बड़ी विधानसभा के ऐसे विधायक हैं जो पूरे देश में सबसे ज्यादा वोटों से चुनाव जीते। उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार में कैबीनेट मंत्री बनाया गया है। भाजपा ने अपने इस नंबर वन विधायक की ड्यूटी चुनाव प्रचार में लगायी है। कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा को रायबरेली और वाराणसी जैसी सीटों पर चुनाव प्रचार के लिए बुलाया गया है। वो प्रधानमंत्री के लोकसभा चुनाव में प्रचार की कमान संभाल रहे हैं।

### पूर्वांचल में किया चुनाव प्रचार फिलहाल परिवार के साथ



करंट क्राइम। मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने पूर्वांचल में कई स्थानों पर चुनाव प्रचार किया है। पार्टी ने जहां उन्हें आदेश दिया उन्होंने वहीं पर जाकर चुनाव प्रचार किया। बताया जाता है कि फिलहाल वो परिवार के साथ हैं और यहां एक बड़ा मसला उनकी सुरक्षा को लेकर है। गाजियाबाद पुलिस प्रशासन ने उनके गनर हटा दिये हैं और उनकी सुरक्षा को लेकर सवाल खड़ा हो गया है। बताया जाता है कि इसके बाद से ही मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने खुद को सीमित किया है। अगर उनकी सुरक्षा बहाल होती तो मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी चुनाव प्रचार में लखनऊ से लेकर कई लोकसभाओं में अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज कराते।

### लोकसभा उम्मीदवार ने किया लखनऊ से चंडीगढ़ तक चुनाव प्रचार



करंट क्राइम। गाजियाबाद से भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग शहर विधायक हैं। उन्हें पार्टी ने चुनाव प्रचार के लिए चंडीगढ़ में नियुक्त किया है। अतुल गर्ग चंडीगढ़ से लेकर लखनऊ तक चुनाव प्रचार कर रहे हैं। वो अपने चुनाव से मतदान के बाद से ही चुनावी ड्यूटी पर हैं। चंडीगढ़ में वो चुनाव ड्यूटी का प्रचार कर रहे हैं और लखनऊ में उनकी अपनी आस्था है।

### लोनी विधायक नन्द किशोर मौजूद हैं लखनऊ लोकसभा में



**लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर के बयान अक्सर राजनीति की पिच पर रिवर्स स्विंग बॉल की तरह आते हैं**

करंट क्राइम। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर क्रान्तिकारी विधायक माने जाते हैं। उनके बयान अक्सर राजनीति की पिच पर रिवर्स स्विंग बॉल की तरह आते हैं। नन्द किशोर गुर्जर लोनी विधायक हैं और वो कैबिनेट रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के करीबी माने जाते हैं। राजनाथ सिंह के प्रति ये सम्मान भाव है कि लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने उनके चुनाव प्रचार के लिए लखनऊ में डेरा डाल रखा है।

# रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और उनके परिवार को लेकर है रालोद में भी क्रेज

## लखनऊ में चुनाव प्रचार में नजर आ रहे हैं हैंडपम्प वालों के फेस

गाजियाबाद, करंट क्राइम। वैसे तो यह कहा जाता है कि गाजियाबाद की पूरी भाजपा ही रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और उनके परिवार की मुरीद है। इस परिवार के लिए गाजियाबाद की भाजपा में एक अलग ही प्यार है। यही वजह है कि जब राजनाथ सिंह पहली बार लखनऊ से लोकसभा का चुनाव लड़े तो गाजियाबाद के कई भाजपा नेता वहां चुनाव प्रचार के लिए रहे। दूसरे चुनाव में गाजियाबाद के भाजपाईयों ने लखनऊ में डेरा डाला और अब जब रक्षामंत्री राजनाथ सिंह तीसरी बार लखनऊ से चुनाव लड़ रहे हैं तो गाजियाबाद के भाजपा नेता वहीं चुनाव प्रचार कर रहे हैं। अतुल गर्ग तो चंडीगढ़ से लखनऊ आये और चुनाव प्रचार किया।





इस बार रालोद यानी हैंडपम्प वालों से कमल यानी भाजपा वालों की चुनावी दोस्ती हुई है। गठबंधन हो गया है और इस गठबंधन के बाद कैबीनेट मंत्री राजनाथ सिंह और उनके परिवार के लिए भाजपा ही नहीं बल्कि आरएलडी में भी क्रेज दिखाई दे रहा है। लखनऊ में हैंडपम्प वाले नेताओं के कई फेस चुनाव प्रचार के लिए नजर आये हैं। केवल राजनाथ सिंह ही नहीं बल्कि यहां उनके पुत्रों नीरज सिंह और पंकज सिंह के साथ भी रालोद वाले दिखाई दिये हैं। भाजपा वाले तो पहले से थे और अब रालोद वाले भी इस परिवार के मुरीद हो गये हैं। वो यहां हाजिरी लगा रहे हैं। रालोद वालों के नेताओं ने लखनऊ में राजनाथ सिंह के चुनाव प्रचार में भाग लिया। राष्ट्रीय लोकदल के ओडी त्यागी, जिलाध्यक्ष अमित त्यागी सरना सहित कई नेता हैं जिन्होनें यहां चुनाव प्रचार भी किया है और कैबिनेट मंत्री राजनाथ सिंह से लेकर नीरज सिंह से मुलाकात की है। ये भी एक व्यवहार का असर है कि भाजपा के अलावा गाजियाबाद में हैंडपम्प वाले नेता भी लखनऊ में पहुंचे हैं।

# मान सिंह ने कहा सांसद, विधायक तो अगले जन्म में भी बन जाऊंगा

## मेरी तमन्ना है, मैं हर जन्म में बना रहूं भाजपाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा के निष्ठावान कार्यकताओं की जब बात होती है तो इन चेहरों में भाजपा के मानसिंह गोस्वामी का नाम आता है। मानसिंह गोस्वामी एक ऐसे कोर भाजपाई माने जाते हैं जो पार्टी के लिए पूरी तरह निष्ठावान रहते हैं और एक कार्यकर्ता भाव के साथ काम करते हैं। ये बात पूरी भाजपा ने तब देखी थी जब मानसिंह गोस्वामी को पश्चिम बंगाल में चुनाव ड्यूटी के लिए भेजा गया था और उन्होंने वहां चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में डेरा डालकर प्रचार किया था। संवेदनशील इलाकों में वो जोखिम उठाकर चुनाव प्रचार के लिए गये थे। इन दिनों मानसिंह गोस्वामी प्रधानमंत्री के लोकसभा क्षेत्र वाराणसी में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। उन्हें पार्टी ने वाराणसी में एक बूथ का प्रवासी बनाया है। करंट क्राइम से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री और विश्व के गौरवशाली नेता नरेन्द्र मोदी के चुनाव प्रचार में काम करने का मौका मिला है। मैं इसे अपने लिए सबसे बड़ा गौरव मानता हूं। यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। जब करंट क्राइम ने उनसे कहा कि आप गाजियाबाद के भाजपा महानगर अध्यक्ष रहे हैं। यदि गाजियाबाद में भाजपा जीतती है और शहर विधानसभा में उपचुनाव होता है तो आपकी क्या भागीदारी रहेगी, क्या दावेदारी रहेगी। इस पर वाराणसी लोकसभा क्षेत्र के चुनाव प्रचार में पूरी तरह रम चुके मानसिंह गोस्वामी ने कहा कि सांसद और विधायक तो मैं अगले जन्म में भी बन जाऊंगा लेकिन मेरी तमन्ना ये है कि मैं हर जन्म में भाजपाई बनू। मैं खुद को वो सौभाग्यशाली भाजपाई मान रहा हूं जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसे करिशमाई व्यक्तित्व के लोकसभा चुनाव में काम करने का मौका मिला है। मेरे लिए यह पल किसी भी टिकट दावेदारी से बढ़कर है। मैं भाजपाई सबसे पहले हूं।

### फरवरी से डाल रखा है मानसिंह गोस्वामी ने बनारस में डेरा



करंट क्राइम। काशी विश्वनाथ की नगरी बनारस में भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी ने लगभग फरवरी माह से डेरा डाल रखा है। अगर उनके चुनावी प्रचार ड्यूटी चार्ट को देखें तो वो फरवरी में 12 बनारस में रहे हैं। इसके बाद वो मार्च महीने में 10 वाराणसी लोकसभा क्षेत्र में रहे हैं। अप्रैल का पूरा महीना लगभग बनारस के नाम रहा है वो अप्रैल महीने में 28 दिन चुनाव प्रचार बनारस में ही कर रहे हैं और मई के महीने में तो पहले दिन से ही उन्होंने वाराणसी में डेरा डाल रखा है। वहां वो एक बूथ के प्रवासी बनाये गये हैं और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनाव प्रचार के लिए खुद को कई महीने से वाराणसी का ही वासी बना लिया है।

# किसकी बनेगी सरकार, संतों ने नहीं दिया जवाब

## कहा हमको राजनीति से रखा जाए दूर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव हो गया है। लोकसभा चुनाव गाजियाबाद में होने के बाद अब यहां के नेता, जनप्रतिनिधि और अन्य प्रमुख लोग अलग-अलग जगह कमान संभालते नजर आ रहे हैं। 4 जून को देश में किसकी सरकार बनेगी, इसका रिजल्ट आना है। ऐसे में दैनिक करंट क्राइम ने दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी से बातचीत की, तो उन्होंने कहा कि उन्हें राजनीति से दूर रखा जाए। भले वह कार्यक्रमों में शामिल होते हैं लेकिन देश में किसकी सरकार आएगी। क्या हालत रहेंगे, कौन कितनी सीट लाएगा इस पर बोलने से इंकार कर दिया। वहीं हिंदूवादी नाम यतिनरसिंहानंद सरस्वती महाराज ने भी राजनीतिक टिप्पणी करने से इंकार किया और कहा कि धर्म में राजनीति और राजनीति में धर्म का हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए।





वहीं महंत कैलाशी सरोज माता ने लोकसभा चुनाव को लेकर टिप्पणी नहीं दी। उनका कहना था कि यह धार्मिक नहीं सीधे तौर पर राजनीतिक मामला इस पर किसी प्रकार की टिप्पणी करना उपयुक्त नहीं होगा।

### कार्यक्रम में होती है उपस्थित, पर बयानों से बनाई दूरी

**करंट क्राइम :** दैनिक करंट क्राइम ने शहर गाजियाबाद के प्रमुख संत और महंतों से बातचीत की और जानना चाहा कि गाजियाबाद लोकसभा चुनाव के साथ-साथ देश और प्रदेश में किस पार्टी को कितनी सीटें मिल सकती हैं। इस सवाल पर सभी ने दूरी बना ली। हालांकि यह सभी प्रमुख चेहरे गाजियाबाद के अलग-अलग कार्यक्रमों में प्रमुखता के साथ नजर आते हैं पर राजनीतिक टिप्पणी पर सभी ने मौन साधते हुए चुप्पी बनाई।

# जब दुआएं देते हुए एक महिला ने रखा एडीएम गंभीर सिंह के सर पर हाथ

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गंभीर सिंह प्रशासनिक अधिकारी हैं। वो गाजियाबाद में सिटी मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात रहे हैं और मौजूदा समय में वो एडीएम सिटी के पद पर तैनात हैं।गंभीर सिंह एक कुशल प्रशासनिक अधिकारी होने के साथ शिक्षा को लेकर एक बड़ी सामाजिक जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। समाज के हर वर्ग तक शिक्षा का उजाला पहुंचे इसके लिए वो लगातार प्रयासरत रहते हैं। ना जाने कितने छात्रों की उन्होंने मदद की है।

जब किसी ऐसे व्यक्ति की मदद हो जिसे उम्मीद ना हो और जब किसी मां के बच्चे का शैक्षिक भविष्य संवरता दिखाई देता है तो फिर उस मां के मुख से दुआएं निकलती हैं। कुछ ऐसा ही हुआ एडीएम सिटी गंभीर सिंह के कक्ष में जब कई अभिभावक उनके पास पहुंचे और यहां एक महिला गंभीर सिंह को देखकर इसलिए भावुक हो गईं क्योंकि उनकी मदद से ही उस महिला के बच्चे का एडमिशन हुआ। महिला ने एडीएम सिटी गंभीर सिंह के सर पर हाथ रखकर उन्हें आशीर्वाद देते हुए कहा कि जीवन में हमेशा ऐसे ही अच्छे काम करो और मेरा आशीर्वाद हमेशा तुम्हारे साथ है। करंट क्राइम से बातचीत में एडीएम सिटी गंभीर सिंह ने बताया कि संजय नगर स्थित डीडीपीएस स्कूल में धरना चल रहा था। स्कूल की एक ब्रांच ने बच्चों को दूसरी ब्रांच मे शिफ्ट कर दिया गया था। वो धरना समाप्त कराया गया है और यह तय हुआ कि सैक्टर 23 ब्रांच के बच्चे सैक्टर 23 में ही पढ़ेंगे। स्कूल ने कई बच्चों को टीसी दे दी थी और बच्चों का दोबारा एडमिशन कराया गया। बच्चों की समस्या का समाधान हुआ तो ये अभिभावक कार्यालय में आये थे।

**बोलीं इतने अच्छे काम करते हो तुम्हें है मेरा आशीर्वाद**



ये अभिभावक बेहद खुश थे और इनमें से एक महिला ने भावुक होकर कहा कि आप इतनी मदद करते हो मैं आपको आशीर्वाद देना चाहती हूं। महिला और अभिभावक आये और चले गये लेकिन एक बड़ी मिसाल छोड़कर गये हैं कि यदि आप किसी की समस्या का समाधान करते हैं। यदि आप किसी के बच्चे की शिक्षा में आ रही परेशानी को दूर करते हैं तो फिर आम जनता की दुआएं आशीर्वाद आपका इंतजार करती हैं। प्रशासनिक कार्य तो रोज हो रही रहे हैं लेकिन ये आशीर्वाद वाले हाथ रोज नहीं उठते हैं। ये आशीर्वाद वाले हाथ रोज नहीं आते हैं और ये दुआऐं और आशीर्वाद उन्हीं के हिस्से में आते हैं जो लोगों के काम आते हैं।

### जब यूक्रेन से लौटे छात्र का किताबों वाला बैग पहुंचाया था उस तक

करंट क्राइम। गंभीर सिंह शिक्षा को लेकर हमेशा एक आंदोलन वाले मूड में रहते हैं। ये आंदोलन वाला मूड मदद के जज्बे का है। उनका प्रयास रहता है कि किसी भी छात्र की शिक्षा किसी भी कारण से बाधित नहीं होनी चाहिए। करंट क्राइम से उन्होंने ऐसा ही एक किस्सा साझा करते हुए बताया कि जब यूक्रेन से भारतीय छात्र लौटे थे तो वह सभी छात्र हिंडन एयरपोर्ट पर हवाईजहाज से उतरे थे। इन सभी छात्रों को उनके घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी प्रशासन निभा रहा था। इसी दौरान उड़ीसा में रहने वाले एक छात्र का बैग यूक्रेन वाली फ्लाईट से उतरने के बाद गाजियाबाद में ही रह गया। पहले बैग के मालिक को ढूंडने का प्रयास किया गया और जब कोइ सुराग नहीं लगा तो फिर उस बैग को खोला गया तो उसमें मैडिकल की पढ़ाई से सम्बन्धित किताबे थी। गंभीर सिंह यह सोचकर परेशान हो गये कि छात्र को अगर किताबे ही नहीं मिली तो वह पढ़ाई कैसे करेगा। बैग के मालिक को ढूढना बड़ी चुनौती थी। उन्होंने बैग को खोला तो किताबों के साथ एक मोबाइल कवर मिला उस पर एक नाम लिखा था। जब इस नाम को फेसबुक पर सर्च किया तो फोटो से पहचान हुई। पता चला कि यह उड़ीसा का रहने वाला छात्र है। किसी तरह वहां के जिला कलैक्टर को फोन किया गया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। उसके बाद वहां के एडीएम को फोन किया गया और पूरा मामला बताया गया लेकिन उन्होंने भी कोई मदद नहीं की। गंभीर सिंह ने हार नहीं मानी और युवक को मैंसेजर पर कॉल की लेकिन युवक ने कॉल नहीं उठाई। तब गंभीर सिंह ने अपना पूरा परिचय देते हुए युवक को उसके बैग की जानकारी दी और कहा आपका बैग सुरक्षित है। डेढ महीने बाद जब युवक ने अपना फेसबुक एकाउंट खोला तो उसे पता चला और फिर उड़ीसा के युवक का फोन गंभीर सिंह के पास आया। वह किताबें उसके लिए बहुत जरूरी थी और वह छात्र उड़ीसा से अपना बैग और किताबें लेने के लिए गाजियाबाद आया। जब उसे उसका किताबों से भरा बैग सुरक्षित सौंपा गया तो उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा और जितनी खुशी छात्र को अपनी किताबे पाकर हुई उससे ज्यादा खुशी एडीएम सिटी गंभीर सिंह को एक छात्र के चेहरे पर मुस्कान लाकर हुई, उसकी किताबें लौटाकर हुई।

## संपादकीय

# विकास दर में असंतुलन महंगाई का बड़ा कारण

महंगाई पर काबू पाने के लिए कई वर्ष से प्रयास कर रही है सरकार मगर इसमें स्थिरता नहीं आ पा रही। रिजर्व बैंक ने खुदरा महंगाई पांच फीसद के नीचे रखने की मंशा से कई बार बैंक दरों में बढ़ोतरी की और अभी तक वह उनमें कटौती करने के बारे में सोच भी नहीं पा रहा। खुदरा महंगाई पिछले महीने बढ़ कर 7.74 फीसद पर पहुंच गई। अब थोक महंगाई अपने तेरह महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई है। पिछले महीने यह 1.26 फीसद दर्ज हुई। पिछले वर्ष मार्च में यह 1.41 फीसद थी। थोक महंगाई पिछले दो महीने से लगातार बढ़ रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय का कहना है कि अप्रैल महीने में खाद्य वस्तुओं, बिजली, कच्चे तेल तथा प्राकृतिक गैस, खाद्य उत्पाद विनिर्माण और अन्य विनिर्माण क्षेत्रों में उत्पाद की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह से थोक महंगाई बढ़ी है। डेट फंड में सिप करें या 5 साल की फिक्स डिपॉजिट, किस विकल्प में है महंगाई को मात देने की क्षमता इस स्थिति में कब तक सुधार की संभावना है, इसे लेकर कोई आकलन पेश नहीं किया गया है।

कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की कीमतों में कब नरमी दर्ज होगी, कहना मुश्किल है। विश्व में जिस तरह संघर्ष की स्थितियां और मंदी का दौर है, उसमें कीमतों में कमी को लेकर कोई दावा नहीं किया जा सकता। विनिर्माण और बिजली क्षेत्र में महंगाई बढ़ने की वजहें भी साफ हैं। कोयला उत्पादन क्षेत्र में विकास दर सुस्त बनी हुई है। कोयला आयात बढ़ा है। ऐसे में बिजली उत्पादन पर असर पड़ना स्वाभाविक है। विनिर्माण में लागत पर खुदरा महंगाई का भी असर होता है। कोयला और बिजली की कीमतें बढ़ने से भी इस क्षेत्र में महंगाई बढ़ती है। इससे जाहिर है कि अभी आने वाले समय में जल्दी इस स्थिति में किसी सुधार की उम्मीद नहीं की जा सकती। महंगाई का एक बड़ा कारण विकास दर में असंतुलन भी है। कुछ क्षेत्रों में विकास दर काफी ऊंची है, तो कुछ में नीचे का रुख बना हुआ है। थोक महंगाई बढ़ने का अर्थ है कि खुदरा महंगाई पर उसका सीधा असर पड़ेगा। अगर वस्तुओं के उत्पादन पर लागत बढ़ेगी, तो खुदरा वस्तुओं की कीमतें उसके अनुपात में कहीं अधिक बढ़ी हुई दर्ज होंगी। फिर, चूंकि महंगाई का आकलन थोक मूल्य सूचकांक के आधार पर किया जाता है, वास्तविक महंगाई उससे कहीं अधिक होती है। इसीलिए अक्सर जब सरकारी आंकड़ों में महंगाई का स्तर घटा हुआ दर्ज होता है, तब भी आम उपभोक्ता कोई राहत महसूस नहीं करता।

आम चुनाव की सरगर्मी में विपक्षी दलों ने महंगाई और बेरोजगारी को मुख्य मुद्दा बनाया हुआ है। इसलिए थोक महंगाई के ताजा आंकड़े एक बार फिर उन्हें सत्तापक्ष की आलोचना का अवसर देंगे। यह एक अजीब तरह का असंतुलन है कि देश की अर्थव्यवस्था का रुख ऊपर की तरफ है, जबकि महंगाई एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। इसकी कुछ वजहें साफ हैं। महंगाई को सहनशील स्तर पर लाने के लिए जरूरी है कि बाजार में पूंजी का प्रवाह बढ़े, मगर बेरोजगारी बढ़ने, प्रति व्यक्ति आय घटने और क्रयशक्ति छीजती जाने की वजह से बाजार में संतुलन नहीं बन पा रहा। जिस मौसम में नई फसल की आवक तेज होती है, उसमें भी खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतें ऊंची रहती हैं। दूसरी तरफ किसान फसलों की वाजिब कीमत न मिल पाने से परेशान दिखते हैं।

# लाइव कंटेंट को लेकर एक्स करेगा बड़े बदलाव, पहुंच भी बढ़ेगी : एलन मस्क



**नई दिल्ली।** टेस्ला सीईओ एलन मस्क ने गुरुवार को कहा कि एक्स पर लाइव कंटेंट की पहुंच बढ़ाने और आकर्षक बनाने के लिए जल्द ही नए फीचर्स को लॉन्च किया जाएगा। एक्स के सिक्योरिटी इंजीनियर नाथन मैकग्राडी ने लोगों से पूछा कि लाइव के समय उनके प्लेटफॉर्म पर सबसे खराब चीज क्या है? इसे लेकर एक यूजर्स ने जवाब में लिखा कि 'खोजने में मुश्किल होना।' एक अन्य एक्स यूजर्स ने लिखा कि एल्गोरिदम लाइव को आगे नहीं बढ़ाता है और यहां पर लाइव करने के लिए कोई स्पेशल बटन भी नहीं है। यूजर्स ने आगे लिखा, आपका लाइव कितना अच्छा प्रदर्शन करेगा, ये केवल आपकी पोस्ट के प्रदर्शन पर निर्भर करता है।

आगे पोस्ट किया, लाइव को खोजने का कोई सही तरीका भी प्लेटफॉर्म पर नहीं है। मस्क की ओर से इसे लेकर जवाब दिया गया, इन्हें प्राथमिकता के आधार पर ठीक किया जाना चाहिए। मस्क के एक अन्य फॉलोवर ने सुझाव दिया कि यूजर्स के साथ ग्रुप में लाइव करना काफी अच्छा होगा। इससे आसानी से डिबेट या पैनल डिस्कशन आयोजित किया जा सकता है, जैसा स्ट्रीमयार्ड और अन्य टूल्स पर होता है। कंपनी ने कहा कि सुपर चैट भी जल्द ही लाइव कंटेंट में आने वाली है।

वहीं, कुछ यूजर्स ने लाइव पूरा होने के बाद आने वाले लाइव बटन को हटाने को लेकर एक्स से सवाल पूछे। यूजर्स ने कहा, वह काफी मूल्यवान टूल था। 'रिप्ले' का बटन ज्यादा अच्छा अनुभव नहीं देता है। पिछले हफ्ते मस्क ने ऐलान किया था कि यूजर्स एक्स पर अब आसानी से मूवी, टीवी सीरीज और पॉडकास्ट पोस्ट कर सकते हैं।

# बेहतर शैक्षणिक संस्थानों के लिए फंडिंग बढ़ाना जरूरी : नारायणमूर्ति



**नई दिल्ली।** नई सरकार दयालुतापूर्ण पूंजीवाद को अपनाए क्योंकि अतीत में समाजवादी और कम्युनिस्ट व्यवस्था ने संतोषजनक परिणाम नहीं दिए हैं। उन्होंने कहा कि 99 प्रतिशत ईमानदार उद्यमियों को तेजी से आगे बढ़ने और देश में बहुत सारी नौकरियां पैदा करने के लिए मदद दी जानी चाहिए। आईटी उद्योग के दिग्गज एनआर नारायणमूर्ति और क्रिस गोपालकृष्णन को उम्मीद है कि आगामी सरकार ईमानदार उद्यमियों को खुली छूट देगी और देश के लिए धन सृजन में तेजी लाने में किसी भी बाधा को दूर करेगी। इंफोसिस के संस्थापक एनआर नारायणमूर्ति ने इकोनॉमिक टाइम्स से कहा कि वे चाहते हैं कि नई सरकार दयालुतापूर्ण पूंजीवाद को अपनाए क्योंकि अतीत में समाजवादी और कम्युनिस्ट व्यवस्था ने संतोषजनक परिणाम नहीं दिए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 99 प्रतिशत ईमानदार उद्यमियों को तेजी से आगे बढ़ने और देश में बहुत सारी नौकरियां पैदा करने के लिए मदद दी जानी चाहिए। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों को दंडित किया जाना चाहिए। आईटी क्षेत्र के दोनों दिग्गजों ने निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों की ओर से देश में अनुसंधान और उच्च शैक्षणिक संस्थानों के लिए फंडिंग बढ़ाने का भी समर्थन किया। ईटी से बातचीत में एक्सिलर वेंचर्स के चेयरमैन कृष गोपालाकृष्णन ने कहा कि हमें प्राइवेट और पब्लिक दोनों तरह के रिसर्च के लिए फंडिंग बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, अमेरिकी विश्वविद्यालयों- एमआईटी, हार्वर्ड, स्टैनफोर्ड, आदि को देखें- उन्हें अरबों डॉलर की फंडिंग मिलती है, इसलिए मुझे उम्मीद है कि हमारे पूर्व छात्र हमारे संस्थानों में अधिक योगदान देंगे। उन्होंने आगे कहा कि हमारे के संस्थान मुख्य रूप से सरकारी फंडिंग पर निर्भर करते हैं। मैं इस मामले में उद्योग जगत की अधिक भागीदारी देखना चाहता हूं। नारायणमूर्ति ने उनसे सहमति जताई और कहा कि अकादमिक संस्थानों में कुछ चीजों को बदलने की जरूरत है जबकि कॉरपोरेट जगत में पहले से ही काफी नवाचार हो रहा है। उन्होंने कहा, यदि कोई युवा उद्यमी किसी नए विचार पर काम शुरू करता है, तो हमें यह नहीं मानना चाहिए कि वे सभी विफल हो जाएंगे। एक बार जब सरकार नए विचारों, नए आइडियाज पर ध्यान देना शुरू कर देगी, तो चीजें बदलेंगी। उन्होंने कहा, एक बार जब कंपनी कुछ वृद्धि हासिल कर लेती है तो उन्हें (जिन संस्थानों को शेयर दिए गए थे) लाभांश मिलेगा, जो अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण होगा और उनका मूल्य बढ़ता रहेगा।₹ उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों को भी देखना होगा कि अब से 20 या 50 साल बाद हमारा भविष्य क्या होगा।

## जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल की पत्नी अनीता गोयल का निधन



मुंबई। जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल की पत्नी अनीता गोयल का गुरुवार सुबह निधन हो गया। वह लंबे समय से कैंसर से जूझ रही थीं। अनीता गोयल के परिवार में उनके पति और दो बच्चे नम्रता और निवान गोयल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अनीता गोयल ने गुरुवार तड़के तीन बजे अंतिम सांस ली। अनीता गोयल जेट एयरवेज के ऑपरेशन्स से जुड़ी हुई थीं और वह एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट थीं। नरेश गोयल, जो खुद कई स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित हैं, ने अपनी पत्नी के साथ रहने के लिए मानवीय आधार पर इस महीने की शुरूआत में बॉम्बे हाई कोर्ट से अंतरिम जमानत मांगी थी। उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 1 सितंबर, 2023 को गिरफ्तार किया गया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं और आर्थर रोड सेंट्रल जेल (एआरसीजे) में बंद हैं। ईडी ने दावा किया था कि उन्होंने केनरा बैंक द्वारा जेट एयरवेज को दिए गए 538.62 करोड़ रुपये के ऋण की हेराफेरी की थी। इस पर जमानत याचिका में, नरेश गोयल ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत लाभ के लिए ऋण राशि का दुरुपयोग नहीं किया।

# बिजली उत्पादन में घटी कोयले की खपत

## 64 साल में पहली बार 50 फीसदी से नीचे आई



**नई दिल्ली।** इंस्टीट्यूट फॉर एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस की पावरअप पर नवीनतम तिमाही रिपोर्ट के अनुसार, देश में बिजली उत्पादन में कोयले की हिस्सेदारी 64 साल में पहली बार घटकर 2024 की पहली तिमाही में 50 फीसदी से नीचे आ गई है।

देश में बिजली उत्पादन में कोयले की हिस्सेदारी 64 साल में पहली बार घटकर 2024 की पहली तिमाही में 50 फीसदी से नीचे आ गई है। 1960 के दशक के बाद ऐसा पहली बार हुआ है। जलवायु परिवर्तन के दौर में ये अच्छे संकेत हैं। इंस्टीट्यूट फॉर एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस की पावरअप पर नवीनतम तिमाही रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। इसके मुताबिक, जनवरी-मार्च में देश की बिजली उत्पादन क्षमता में जोड़ी गई रिकॉर्ड 13,669 मेगावाट (मेगावाट) बिजली में नवीकरणीय ऊर्जा का हिस्सा 71.5 फीसदी रहा।

इसी के साथ भारत 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा का चलन बढ़ाकर 50 फीसदी से अधिक ले जाने के लक्ष्य से आगे निकल गया है। भारत 2030 तक ऊर्जा की नवीकरणीय क्षमता को तीन गुना करने का लक्ष्य रखने वाले कुछ देशों में से एक है। वहीं, बिजली उत्पादन क्षमता में कोयले की हिस्सेदारी में गिरावट एक वैश्विक चलन भी दिखाती है।

# सेंसेक्स 676 अंक चढ़कर हुआ बंद, आईटी, फाइनेंस शेयरों में तेजी



मुंबई। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार के ज्यादा सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। सेंसेक्स 676 अंक या 0.93 प्रतिशत बढ़कर 73,663 और निफ्टी 203 अंक या 0.92 प्रतिशत बढ़कर 22,403 अंक पर बंद हुआ। बाजार में तेजी को आईटी, फिन सर्विस और रियल्टी इंडेक्स ने लीड किया है। तीनों ही इंडेक्स क्रमश: 1.66 प्रतिशत, 1.09 प्रतिशत और 1.63 प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ। बाजार में गुरुवार को केवल पीएसयू बैंक इंडेक्स ही लाल निशान में बंद हुआ। इसमें करीब 0.88 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 445 अंक या 0.88 प्रतिशत बढ़कर 51,153 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 138 अंक या 0.84 प्रतिशत बढ़कर 16,596 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 25 शेयर हरे निशान में और 5 शेयर लाल निशान में बंद हुए। एमएंडएम, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस और टाइटन टॉप पांच गेनर्स थे। मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, एसबीआई और पावर ग्रिड टॉप पांच लूजर्स थे। वैश्विक बाजारों में तेजी बनी हुई है। एशिया के ज्यादातर बाजार हरे निशान में बंद हुए। अमेरिका के बाजार महंगाई उम्मीद से कम बढ़ने के कारण बुधवार के सत्र में तेजी के साथ बंद हुए। बाजार के जानकारों का कहना है कि सकारात्मक वैश्विक माहौल के कारण भारतीय बाजार में तेजी आई है। अमेरिका में महंगाई उम्मीद से कम बढ़ने के कारण अब लग रहा है कि 2024 में दो बार ब्याज दरों में कटौती हो सकती है। बैंकिंग, आईटी और इंडस्ट्री सेक्टर अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं।

## राशिफल

**मेष:** कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन भी कष्टमय हो सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृष:** मानसिक शान्ति रहेगी। बातचीत में संयत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जाना हो सकता है।

**मिथुन:** नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में कठिनाईयां आ सकती हैं। सेहत का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान भी हो सकता है। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**सिंह:** वाणी में मधुरता रहेगी। कारोबार में सुधार होगा। आय में बढ़ोरती के योग बन रहे हैं। कुटुम्ब-परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कन्या:** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु बातचीत में संयत रहें। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**तुला:** आत्मविश्वास तो भरपूर हो सकता है, परन्तु मन परेशान हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक:** आत्मसंयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं।

**धनु:** मन अशान्त रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार का विस्तार हो सकता है। पिता का सहयोग मिल सकता है।

**मकर:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के साथ वृद्धि के योग बन रहे हैं। मान सम्मान में बढ़ोतरी होगी।

**कुंभ:** नौकरी में परिवर्तन के साथ तरक्की के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। खर्चों में वृद्धि होगी।

**मीन:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

## चुटकुले

टीचर- लड़कियां अगर पराया धन होती है तो लड़के क्या होते हैं?
सोनू- सर लड़के चोर होते हैं.
टीचर- वह कैसे? क्योंकि चोरों की नजर हमेशा पराए धन पर होती है।

पति- आज खाना सासू मां ने बनाया है क्या?
पत्नी- वाह कैसे पहचाना?
पति- जब तुम बनाती थी तो काले बाल निकलते थे ... आज सफेद निकला है.

मेहमान- और बताओ बेटा आगे का क्या प्लान है...
बच्चा- बस आपके जाते है बिस्कुट खाउंगा...
वैसे भी नमकीन और मेवा तो आपने छोड़ी नहीं है।

लड़की- लड़के के गले लगकर बोली...कुछ ऐसा कहो की मेरा दिल जोरो से धड़क जाए
लड़का- ऐसे ही खड़ी रह चुपचाप...पीछे तेरा बाप खड़ा है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- गर्म पानी ठंडे पानी की तुलना में तेजी से बर्फ में बदल जाता है।
- एक इंसान सुबह की तुलना में शाम को एक प्रतिशत 1% छोटा हो जाता है।
- इंसान सबसे तेज फैसला तब लेता है जब वो वीडियो गेम खेल रहा होता है।
- चीनी को जब चोट पर लगाया जाता है, दर्द तुरंत कम हो जाता है।
- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग४ळ८ॠ पर बहुत सारे वीडियो उपलब्ध है और अगर आप उन सारे विडियोज को देखना चाहते हो तो आपको एक हजार साल से भी ज्यादा वक्त लगेगा।
- मानव गर्भ रोधक गोलिया इंसान के अलावा गोरिल्ला पर भी काम करती है।
- जरूरत से ज्यादा टेंशन आपके दिमाग को कुछ समय के लिए बंद कर सकती है।
- आपको जानकर हैरानी होगी कि ट्विटर पर हर दिन लिखे गए शब्द 10 मिलियन पेज की एक बुक भर सकते है।
- शायद आप यह नहीं जानते होंगे कि, एक इंसान सुबह की तुलना में शाम को 1% से छोटा हो जाता है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# धोनी 'अगले कुछ साल' तक और खेल सकते हैं: माइकल हसी

**नई दिल्ली।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी का मानना है कि महेंद्र सिंह धोनी अगले कुछ वर्षों तक खेलना जारी रख सकते हैं। एमएस धोनी की बढ़ती उम्र और उनकी फिटनेस को ध्यान में रखकर माना जा रहा है कि यह धोनी का आखिरी आईपीएल है। घुटने की सर्जरी के बाद सीएसके धोनी का कार्यभार कम कर रही है। टीम की कप्तानी पहले ही छोड़ चुके धोनी इस सीजन के बाद क्रिकेट को अलविदा कह सकते हैं। डेथ ओवरों में बल्लेबाजी करने उतरने के बावजूद धोनी ने 226.66 की स्ट्राइक रेट और 10 पारियों में 136 रन बनाकर अपनी छाप छोड़ी है। हसी ने ईएसपीएन के अराउंड द विकेट शो में यह बात तब कही जब उनसे पूछा गया कि क्या धोनी अगले साल वापस आएंगे। तो उन्होंने कहा, आपका अनुमान इस सत्र पर मेरे जितना ही अच्छा है। वह अपने कार्ड अपने सीने के बहुत करीब रखता है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि वह ऐसा करता रहेगा। मुझे पता है कि प्रशंसक शायद उसे सीजन में थोड़ा ऊपर बल्लेबाजी करते हुए देखना चाहते हैं। लेकिन वह घुटने की सर्जरी से गुजरा है इसलिए हमें उसे थोड़ा संभालना पड़ा और वह केवल अंतिम छोर पर आता है। लेकिन अंदर आकर गेंद को इतनी सफाई से हिट करने में एमएस से बेहतर कोई नहीं है।" चोट और विपरीत परिस्थितियों से जूझते हुए, धोनी ने हर पारी में उम्र और उम्मीदों को मात देते हुए बल्ले से अपनी महारत का प्रदर्शन किया। वह अभी भी बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहा है। वह अच्छी तैयारी करता है। वह वास्तव में पूरे सत्र में अच्छी लय में रहा है। मुझे लगता है कि हमें उसे शरीर से नियंत्रित करने की कोशिश करनी होगी पिछले सीजन के बाद उनके घुटने की सर्जरी हुई थी, इसलिए वह टूर्नामेंट के शुरुआती चरण से ही इसका प्रबंधन कर रहे हैं। धोनी ने कप्तानी की बागडोर एक युवा प्रतिभा ऋतुराज गायकवाड़ को सौंपी थी, जिसे उन्होंने वर्षों तक निखारा है। हसी ने उस पल को याद किया जब धोनी ने गायकवाड़ को नया कप्तान घोषित किया था। हसी ने कहा, एमएस ने एक तरह से घोषणा की थी कि वह टूर्नामेंट से पहले कप्तानों की बैठक में शामिल नहीं होंगे। और हमने कहा, 'ओह, नहीं। क्या हो रहा है?' उन्होंने कहा कि ऋतुराज तब से कप्तान बनने जा रहे थे, इसलिए शुरुआत में यह थोड़ा झटका था लेकिन इसे वास्तव में अच्छी तरह से प्रबंधित किया गया है। मुझे पता है कि स्टीफन फ्लेमिंग (मुख्य कोच) टूर्नामेंट से पहले ऋतुराज के साथ मिलकर काम कर रहे थे।



वास्तव में, वह पिछले कुछ वर्षों से उसे तैयार कर रहे हैं। हम कुछ समय से जानते हैं कि एक बार जब एमएस ने पद छोड़ने का फैसला किया तो वह यह पद संभालने के लिए सही व्यक्ति थे।

# राजस्थान की हार से हैरान वाटसन ने कहा, 'कोई भी लड़ाई के लिए तैयार नहीं था'

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) की लगातार चौथी हार, पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) से पांच विकेट की हार, के बाद पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान शेन वॉटसन ने प्लेऑफ से पहले सत्र के आखिर में टीम के प्रदर्शन में गिरावट पर आश्चर्य व्यक्त किया। आरआर ने लगातार चार जीत के साथ शानदार शुरूआत की और नौ मैचों में आठ जीत के साथ अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा और पूरे सीजन में शीर्ष चार में बने रहे। लेकिन, अगले चार मैचों में उनके प्रदर्शन में गिरावट आई और बुधवार को उन्होंने लगातार चौथी हार दर्ज की। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करने का



विकल्प चुना और अपने बल्लेबाजी संघर्ष पर काबू पाने में विफल रही क्योंकि पीबीकेएस के उत्कृष्ट गेंदबाजी प्रयास ने उन्हें 144/9 के स्कोर तक सीमित कर दिया। जवाब में, पंजाब ने सात गेंद शेष रहते लक्ष्य का पीछा करते हुए आईपीएल 2024 की अपनी पांचवीं जीत हासिल की। हालांकि, पिछले लगातार चार मैचों में हार के बावजूद, आरआर 13 मैचों में 16 अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है और कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुका है। मैं इस बात से बहुत आश्चर्यचकित हूं कि राजस्थान रॉयल्स ने किस तरह से प्रगति की है। वे अपनी टीम में किसी भी कमजोरी के बिना ऊंची उड़ान भर रहे थे। वे केवल तब मिश्रण और मैच करने में सक्षम थे जब उन्हें वास्तव में जरूरत थी। उन्होंने निश्चित रूप से गति खो दी है और आज रात, ऐसा लग रहा था कोई भी लड़ाई के लिए तैयार नहीं था।

# फीफा ने मेसी, रोनाल्डो से तुलना के साथ छेत्री को दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल कप्तान सुनील छेत्री की आधिकारिक संन्यास लेने की घोषणा के बाद खेल जगत उनके शानदार भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दे रहा है। फीफा विश्व कप के आधिकारिक हैंडल ने छेत्री के लिए एक पोस्ट की है, जिसमें पोडियम पर लियोनेल मेसी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथ सुनील की प्रतिष्ठित तस्वीर शामिल है, जो शीर्ष तीन सक्रिय अंतर्राष्ट्रीय गोल स्कोररों का प्रतीक है। तस्वीर के साथ कैप्शन दिया गया, ₹एक लीजेंड के रूप में संन्यास ले रहा हूं। एक्स पर फीफा विश्व कप के आधिकारिक अकाउंट में कहा गया, दुनिया के तीसरे सबसे ज्यादा सक्रिय



अंतर्राष्ट्रीय गोलस्कोरर सुनील छेत्री अगले महीने फीफा विश्वकप क्वालीफायर में भारतीय फुटबॉल के लिए अपना अंतिम मैच खेलेंगे। 39 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ अपने देश के लिए अपना 150वां मैच खेला था। उन्होंने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर में अब तक 94 गोल किए हैं। फीफा विश्व कप के आधिकारिक अकाउंट ने सुनील छेत्री के पिछले इंटरव्यू का एक वीडियो भी पोस्ट किया जिसमें उन्होंने उनके, मेसी और रोनाल्डो के बीच तुलना के बारे में बात की। छेत्री ने फीफा+ से कहा, मैं हमेशा अपने देश के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का इरादा रखता हूं। हालांकि कुछ प्रशंसक हद से आगे बढ़ जाते हैं और (मेसी और रोनाल्डो के साथ) तुलना करने के बारे में सोचते हैं, लेकिन कुछ फुटबॉल प्रशंसक भी हैं, जो समझते हैं कि हमारे जैसे खिलाड़ियों के बीच कोई तुलना नहीं है, लेकिन मैं निश्चित रूप से अपनी पूरी ताकत से उनके साथ प्रतिस्पर्धा करूंगा।

## मिजोरम ने राजस्थान को 7-0 से पीटा

**नारायणपुर (छत्तीसगढ़)।** मिजोरम ने अपने अंतिम ग्रुप एफ मुकाबले में रामकृष्ण मिशन आश्रम मैदान में राजस्थान पर 7-0 की शानदार जीत के साथ स्वामी विवेकानंद अंडर20 पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में आसानी से अपना रास्ता बना लिया। मिजोरम ने खेल शुरू किया क्योंकि उन्हें लालनगैहसामा के माध्यम से स्कोरिंग खोलने में केवल चार मिनट लगे, जिन्होंने गेंद को नेट में डाल दिया। शुरूआती गोल से राजस्थान टीम की रक्षापंक्ति लड़खड़ा गई और पहले 21 मिनट के भीतर ही उसने चार गोल खा लिए। मिजोरम के लिए लालरो थांगा मुख्य खिलाड़ी थे, जिन्होंने 11वें, 56वें और 64वें मिनट में गोल करके हैट्रिक हासिल की। पहले हाफ में चार गोल और दूसरे हाफ में तीन गोल के दम पर मिजोरम ने तीनों गेम जीतकर और इस प्रक्रिया में नौ अंक हासिल करने के बाद ग्रुप एफ के लीडर के रूप में अपनी ग्रुप चरण की यात्रा समाप्त की।

# अंजुम, स्वप्निल ने ओलंपिक चयन ट्रायल में पहली जीत दर्ज की



**भोपाल।** ओलंपियन अंजुम मुद्गिल और पेरिस ओलंपिक कोटा विजेता स्वप्निल कुसाले ने चल रहे राइफल और पिस्टल ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) 3 और 4 में गुरुवार को यहां मप्र राज्य शूटिंग अकादमी रेंज में क्रमशः महिला और पुरुष 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) ओएसटी टी3 में जीत हासिल की। पुरुषों का 3पी फाइनल निर्धारित समय पर पहला इवेंट था और स्वप्निल, जो बुधवार को 587 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन में दूसरे स्थान पर रहे थे, 463.7 का स्कोर करके अखिल श्योरण से आगे निकल गए, जो 461.6 के साथ दूसरे स्थान पर रहे। स्थानीय खिलाड़ी और क्वालिफिकेशन टॉपर ऐश्वर्य तोमर 451.9 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे और 45 शॉट के फाइनल में 44वें शॉट के बाद बाहर हो गए। इसके बाद महिलाओं के 3पी फाइनल में, अंजुम मुद्गिल ने 463.9 का स्कोर किया और भारत की नंबर एक खिलाड़ी सिफ्त कौर समरा को 1.9 अंक से पीछे छोड़कर दूसरे स्थान पर रहीं। एक अन्य स्थानीय खिलाड़ी, आशी चौकसे ने 447.3 के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

### 10एम एयर पिस्टल महिला ओएसटी टी3 योग्यता

मनु भाकर (577-247) 2. पलक (576-167) 3. ईशा सिंह (576-147) 4. सुरभि राव (574-137) 5. रिदम सांगवान (573-177)

### 10एम एयर पिस्टल पुरुष ओएसटी टी3 योग्यता

अर्जुन सिंह चीमा (583-217) 2. रविंदर सिंह (581-217) 3. सरबजोत सिंह (581-167) 4. नवीन (579-167) 5. वरुण तोमर (577-187)

### 10एम एयर राइफल महिला ओएसटी टी3 योग्यता

इलावेनिल वलारिवन (634.4) 2. तिलोत्तमा सेन (632.4) 3. रमिता (630.8) 4. नैन्सी (629.4) 5. मेहुली घोष (628.4)

### 10एम एयर राइफल पुरुष ओएसटी टी3 योग्यता

अर्जुन बाबूता (632.2) 2. रुद्राक्ष पाटिल (632.0) 3. संदीप सिंह (631.6) 4. दिव्यांश सिंह पंवार (631.4) 5. श्री कार्तिक सबरी राज (630.5

# एजबेस्टन स्टेडियम भारत-पाकिस्तान ब्लॉकबस्टर के लिए फैन पार्क की मेजबानी करेगा

**बर्मिंघम।** इंग्लैंड का एजबेस्टन स्टेडियम 9 जून को आगामी टी20 विश्व कप 2024 में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबले को लेकर दर्शकों के लिए फैन पार्क की मेजबानी करेगा। आयोजन स्थल के आधिकारिक बयान के अनुसार, आईसीसी मेजबान स्थलों के बीच मैदान की पुष्टि के बाद फैन पार्क ब्लॉकबस्टर मुकाबले के लिए 8,000 दर्शकों को समायोजित कर सकता है। यूके में यह पहली बार होगा कि प्रशंसक स्टेडियम में क्रिकेट मैच की लाइव-स्ट्रीमिंग देख



सकेंगे। आयोजन स्थल के आधिकारिक बयान में कहा गया है, ₹प्रशंसक बड़ी स्क्रीन पर एक्शन देख सकेंगे और इस कार्यक्रम का आनंद ले सकेंगे क्योंकि कॉमेडियन और क्रिकेट कमेंटेटर आतिफ नवाज भारत और पाकिस्तान के पूर्व खिलाड़ियों के साथ मंच पर आएंगे। एजबेस्टन के मुख्य कार्यकारी स्टुअर्ट कैन ने कहा, ₹हम देश में एकमात्र स्थान हैं जिसे आईसीसी ने टी20 विश्व कप फैन जोन स्थान के रूप में चुना है जो आश्चर्यजनक है। यह हमारे स्थानीय समुदायों के लिए वास्तव में टी20 विश्व कप के अनुभव का हिस्सा महसूस करने का एक अवसर है और मुझे यकीन है कि यह एक शानदार अवसर होगा। ₹पाकिस्तान और भारत के प्रशंसकों ने 2019 क्रिकेट विश्व कप में यहां एक शानदार माहौल तैयार किया और मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि हम फैन जोन में इसे दोहराने के करीब पहुंच सकते हैं। ₹ 2013 में देशों के बीच क्रिकेट संबंध निलंबित होने के बाद भारत और पाकिस्तान केवल अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में एक-दूसरे के खिलाफ खेलते हैं। टी20 विश्व कप में अब तक भारत ने छह मैचों में पाकिस्तान को पांच बार हराया है, जिसमें 2007 का खिताबी मुकाबला भी शामिल है। दोनों देश साल में पहली बार 9 जून को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में एक-दूसरे से भिड़ेंगे।

# जुवे ने अटलांटा को हराकर 15वीं बार कोपा इटालिया खिताब जीता


**रोम।** जुवेंटस ने ट्रॉफी के बिना एक और सीजन खत्म करने से परहेज किया और शुरूआती मिनटों में दुसान व्लाहोविच के गोल की बदौलत फाइनल में अटलांटा को 1-0 से हराकर अपना 15वां कोपा इटालिया खिताब जीत लिया। जुवे ने इससे पहले 14 बार टूर्नामेंट जीता था और उनकी आखिरी जीत 2021 में हुई थी, जबकि अटलांटा ने 1962-63 सीजन में केवल एक बार खिताब जीता था। बियानकोनेरी ने खेल में सिर्फ चार मिनट में एक स्वप्निल शुरूआत की जब एंड्रिया कंबियासो की थ्रू-बॉल व्लाहोविच के पास पहुंची, जिसने चैलेंज को काबू करते हुए गेंद को नेट में पहुंचा दिया। व्लाहोविच



के पास 54वें मिनट में पेनल्टी अपील थी जब वह बॉक्स में गिर गया था, लेकिन रेफरी ने खेल जारी रखा, इससे पहले कि ऑफसाइड के कारण सर्बियाई खिलाड़ी का एक और गोल चूक गया। अटलांटा के पास बराबरी करने का मौका था लेकिन एडेमोला लुकमैन ने 80वें मिनट में अपनी स्ट्राइक को पोस्ट पर मार दिया, जबकि जुवे के फैबियो मिरेटी ने भी बार पर एक शॉट लगाया। अंतिम क्षणों में मुख्य कोच मासिमिलियानो एलेग्री के लाल कार्ड के बावजूद, जुवे ने कम कब्जे के बावजूद, स्कोरलाइन को बनाये रखने के लिए साहस बनाए रखा। एलेग्री ने कहा, यह एक महत्वपूर्ण रात थी, फाइनल खेलना हमेशा एक अद्भुत घटना होती है। हम तीन कठिन महीनों से गुजरे जो शानदार विकास के होंगे। जुवेंटस एक महत्वपूर्ण क्लब है और हमें वह मिला जो हमें चाहिए था: चैंपियंस लीग खेलना और कोपा इटालिया फाइनल में लड़कों ने जीत हासिल करने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया।

# प्रीमियर लीग क्लब वीएआर को हटाने पर मतदान करेंगे


**नई दिल्ली।** प्रीमियर लीग 6 जून को सभी क्लबों के साथ एक बैठक की मेजबानी करने वाली है और लीग से वीडियो असिस्टेंट रेफरी (वीएआर) को हटाने पर मतदान करेगी। यह मुद्दा तब उठा जब वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स ने प्रीमियर लीग को एक पत्र भेजा



जिसमें दावा किया गया कि सटीकता में छोटी वृद्धि खेल भावना के विपरीत है। सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद और प्रीमियर लीग, (रेफरी निकाय) पीजीएमओएल और हमारे साथी प्रतिस्पर्धियों के लिए अत्यंत सम्मान के साथ। इसमें कोई दोष नहीं दिया जा सकता है - हम सभी फुटबॉल के लिए सर्वोत्तम संभव परिणाम की तलाश कर रहे हैं - और सभी हितधारक अतिरिक्त प्रौद्योगिकी की शुरूआत को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हालाँकि, प्रीमियर लीग में वीएआर के पाँच सीजन के बाद, इसके भविष्य पर रचनात्मक और आलोचनात्मक बहस का समय आ गया है। वोल्व्स द्वारा जारी बयान में कहा गया है, "हमारी स्थिति यह है कि सटीकता में थोड़ी वृद्धि के लिए हम जो कीमत चुका रहे हैं वह हमारे खेल भावना के विपरीत है, और परिणामस्वरूप हमें इसे 2024/25 सीजन से हटा देना चाहिए। वीएआर को हटाना एक विवादास्पद बहस है क्योंकि भले ही 2019 में लीग में आने के बाद से छोटे निर्णयों की सटीकता निश्चित रूप से बढ़ी है, 2023/24 सीजन में बड़े विवादास्पद निर्णय दिए गए, जिसके परिणामस्वरूप अराजकता ने खेल की भावना को कम कर दिया।

# छेत्री के संन्यास के पीछे का कारण, बताया क्यों कतर के खिलाफ नहीं खेलेंगे

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल कप्तान सुनील छेत्री ने गुरुवार को अपने संन्यास की घोषणा के बारे में विस्तार से बताया। देश के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर ने खुलासा किया कि एक महीना हो गया है जब से उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कहने का फैसला किया है। भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) से कहा, एक महीना हो गया है। यह एक भावना और एक सहज प्रवृत्ति के साथ शुरू हुआ कि अब इसे बंद करने का समय आ गया है। और यह धीरे-धीरे और लगातार हर दिन मुझमें बढ़ता गया। अंत में, मैं इस निर्णय पर पहुंचा। और मुझे लगता है कि मैंने सही निर्णय लिया है यह (6 जून, 2024 को कुवैत के खिलाफ मैच) मेरे करियर के सबसे बड़े मैचों में से एक है। यह राष्ट्रीय टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, इसलिए उम्मीद है कि हम कुवैत के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करेंगे और विश्व कप के लिए वहां तीसरे दौर (क्वालीफायर) में मौजूद रहेंगे। कई सवाल उठे कि छेत्री ने 6 जून को कुवैत के खिलाफ मैच के बाद संन्यास लेने का फैसला क्यों किया और कतर के खिलाफ 11 जून के क्वालीफायर मैच तक इंतजार क्यों नहीं किया, जो संभवतः यह तय कर सकता है कि भारत अगले दौर में जाएगा या नहीं। हम घर पर खेल रहे हैं, वह साल्ट लेक में है। यह वैसा नहीं होगा। और मैं इस या उस तरह से काफी आश्वस्त हूं। भले ही आपको कतर के खिलाफ कुछ अंक चाहिए, हमारी टीम काफी सक्षम है। मुझे लगता है कि मेरी टीम तैयार है। इसलिए, सब कुछ मिलाकर मैंने तय किया कि 6 जून देश के लिए मेरा आखिरी मैच है। उन्होंने 2005 में राष्ट्रीय टीम के लिए पदार्पण किया और टीम के साथ उनका शानदार 19 साल का करियर रहा, जिसमें वह शीर्ष स्कोरर बने और सबसे अधिक प्रदर्शन भी हासिल किया। उन्होंने आगे अपनी पूरी यात्रा के बारे में बात की। तीसरे सबसे बड़े सक्रिय अंतरराष्ट्रीय गोल स्कोरर ने निष्कर्ष निकाला, ₹यह उत्कृष्ट है। यह एक सपना है। मुझे नहीं पता कि कहां से शुरू करूं। लेकिन सारांश यह है कि यह एक सुंदर सपना है। मुझे लगता है कि मैं 19 साल तक राष्ट्रीय टीम का हिस्सा बनकर बेहद भाग्यशाली और विशेषाधिकार प्राप्त हूं। देश के लिए भाग लेने और खेलने में सक्षम होना उत्कृष्ट है। यह कुछ ऐसा है जो मुझसे कोई नहीं छीन सकता। मैं उन सभी का आभारी हूं जिन्होंने योगदान दिया है और मैं इस तरह घिसी-पिटी बात कहने की कोशिश नहीं कर रहा हूं, मैं वास्तव में यही कहना चाहता हूं यह अहसास जो मुझे मिलता है।



# मनिका बत्रा को पेरिस ओलंपिक का आत्मविश्वास के साथ इंतजार



**नई दिल्ली।** भारतीय स्टार पैडलर मनिका बत्रा 2024 पेरिस ओलंपिक का बेहद आत्मविश्वास के साथ इंतजार कर रही हैं। उन्होंने करियर की सर्वश्रेष्ठ विश्व नंबर 24 रैंक हासिल की है और नंबर 1 भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी रैंक भी हासिल की है। 28 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले सप्ताह सऊदी स्मैश में सफल प्रदर्शन किया था। मनिका ने सऊदी में वर्ल्ड नंबर 2 चीन की वांग मन्यु को हराकर सुर्खियां बटोरीं। हालांकि, टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) एथलीट हिना यायाता से हारने के बाद क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में असफल रही। उनके अपने शब्दों में, मनिका सऊदी में अपने प्रदर्शन से वास्तव में खुश हैं और अब अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के मिशन के साथ पेरिस पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही हैं। मनिका ने साई मीडिया को बताया, सउदी स्मैश में मैंने जिस तरह से प्रदर्शन किया और हर गेंद के लिए संघर्ष किया, उससे मैं वास्तव में खुश हूं। मुझे वास्तव में मेरी लड़ाई की भावना और मेरी शांति और आत्मविश्वास पसंद आया। ओलंपिक को देखते हुए यह टूर्नामेंट वास्तव में मुझे प्रेरित करेगा। लेकिन मैं और अधिक करना चाहती हूं। मुझे गलतियों पर काम करना होगा और मैं खुद को कड़ी मेहनत करना जारी रखूंगी। मुझे अगले डेढ़ महीने के लिए कुछ गहन सत्र करने होंगे और पेरिस में, मैं सऊदी की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करना चाहती हूं। पेरिस में आउटिंग मनिका की लगातार तीसरी ओलंपिक खेलों में भागीदारी होगी और उसकी अपनी प्राथमिकताएँ हैं। उन्होंने आगे कहा, मैंने अपने देश के लिए पदक जीतने के लिए हर ओलंपिक में भाग लिया है। इस साल भी ऐसा ही होगा। मैं हर पल कड़ी मेहनत करूंगी । मैं इस बार अपना सर्वश्रेष्ठ दे रही हूं और अफसोस के साथ वापस नहीं आना चाहती। मैं अपने लिए, अपने देश के लिए और मेरे लिए उत्साह बढ़ाने वाले लोगों के लिए अपना 100 प्रतिशत प्रयास करना चाहती हूं। अपने खेल के तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए, मनिका ने कहा, मैं अपने कोच अमन बाल्गु के साथ हाल ही में अपने फोरहैंड पर बहुत काम कर रही हूं। मैं अपने खेल में नए पहलू लाने के बारे में नहीं सोच रही हूं, बल्कि मैं इसे मजबूत करने पर काम कर रही हूं। मैंने महसूस किया है कि अंतिम दौर तक पहुंचने के लिए शारीरिक रूप से फिट रहना और जबरदस्त सहनशक्ति होना बहुत जरूरी है। मानसिक थकान भी होती है। इसलिए, आपको दोनों पहलुओं में फिट रहना होगा। मैं दौड़ के दौरान और उससे पहले सांस लेने के व्यायाम करती हूं मैच और कोच अमन कोर्ट के साथ-साथ कोर्ट के बाहर भी मेरी मानसिक मदद कर रहे हैं। मुझे अपने कोच, प्रैक्टिस पार्टनर और फिजियो पर बहुत भरोसा है।

# न्यूयॉर्क का 34 हजार की क्षमता वाला स्टेडियम टी20 विश्व कप के लिए तैयार

**न्यूयार्क।** न्यूयॉर्क का आइजनहावर पार्क टी20 विश्व कप की मेजबानी के लिए पूरी तरह से तैयार है। 34 हजार लोगों की क्षमता वाले इस स्टेडियम का उद्घाटन बुधवार को आधिकारिक तौर पर दुनिया के सबसे तेज धावक और विश्व कप के एंबेसडर यूसेन बोल्ट ने किया। आईसीसी विश्व कप से पहले इस मैदान का कुछ टेस्ट लेगा जो 1 जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में शुरू होगा। अमेरिका में टूर्नामेंट के न्यूयॉर्क में आठ मैच होने हैं, जिसमें से चार डालास और चार टेक्सास में होने हैं । पहला मैच नासाउ काउंटी स्थित आइजनहावर पार्क में खेला जाएगा, जिसमें 3 जून को दक्षिण अफ्रीका बनाम श्रीलंका मैच होगा। आइजनहावर पार्क में 1 जून को वार्मअप



मैच भी होगा, जिसमें ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि यह मैच बांग्लादेश बनाम भारत के बीच होगा। टूर्नामेंट में भारतीय टीम न्यूयॉर्क में तीन मैच खेलेगी जिसमें 9 जून को होने वाला भारत बनाम पाकिस्तान का अहम मैच भी शामिल है। आइजनहावर पार्क प्रोजेक्ट द्वारा लिए गए प्रभावी प्रोजेक्ट में से एक था, जहां पर एक आम पार्क को स्टेडियम में बदलने की शुरूआत पांच महीने पहले जनवरी में हुई थी। एक अहम चुनौती यह थी कि फ़्लोरिडा में कृत्रिम पिच तैयार की गई और इसके बाद इसको सड़क के रास्ते न्यूयॉर्क लाया गया। इसके बाद पिचों को मुख्य स्टेडियम और अभ्यास के एरिया में लगाया गया। 10 पिचों को मुख्य मैदान में जबकि छह पिचों को मैदान के पास में लगाया गया है। ये पिचें एडिलेड ओवल टर्फ.सोल्यूशंस के प्रमुख और एडिलेड ओवल के प्रमुख क्यूरेटर डैमियन हॉग द्वारा तैयार की गई है जबकि मैदान का आउटफील्ड एरिया अमेरिका की लैंडटेक ग्रुप द्वारा तैयार किया गया है जो अमेरिका में न्यूयॉर्कर यांकीस और न्यूयॉर्क मेट्स के लिए बेसबॉल में और फुटबॉल में इंटर मियामी के लिए मैदान तैयार करते आए हैं।

# हरभजन ने 2007 टी20 विश्व कप में एमएस धोनी की खिताब जीतने वाली कप्तानी पर अंतर्दृष्टि साझा की

**नई दिल्ली।** अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप 2024 से पहले, भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने पूर्व कप्तान एमएस धोनी के नेतृत्व कौशल के बारे में विस्तार से बताया, जिसने 2007 में मेन इन ब्लू को इस प्रारूप का उद्घाटन चैंपियन बनाया था। दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में दो कट्टर प्रतिद्वंद्वियों - भारत और पाकिस्तान के बीच रोमांचक शिखर मुकाबले में, परिणाम अंतिम ओवर में तय किया गया क्योंकि धोनी की अगुवाई वाली टीम ने पांच रन से मैच जीत लिया। अनुभवी स्पिनर ने अंतिम निर्णय लेने से पहले अपने निर्णय लेने और टीम के सदस्यों को शामिल करने के लिए धोनी को श्रेय दिया। बहुत से लोग नहीं जानते हैं, धोनी बहुत नए कप्तान थे, इसलिए उन्हें हम सभी के समर्थन की जरूरत थी। ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और इंग्लैंड जैसी टीमों के खिलाफ मैच से पहले, हमारा कोर ग्रुप खेल के दौरान एक साथ इकट्ठा होकर आगे की रणनीति तैयार करता था। हरभजन ने एक विशेष स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम में कहा, उदाहरण के लिए, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक मैच में, मैंने महत्वपूर्ण 17वां या 18वां ओवर फेंका क्योंकि अगर हम केवल 4 रन देने में कामयाब रहे, तो इससे हमें काफी बचत हुई। 157 रनों का बचाव करते हुए, भारत मैच में



मुश्किल स्थिति में था जब हरभजन ने अपने 17 वें ओवर में मिस्बाह-उल-हक के तीन छक्कों की मदद से 19 रन लुटा दिए। आखिरी तीन ओवरों में 35 रनों की जरूरत थी, धोनी ने अगला ओवर तेज गेंदबाज एस श्रीसंत को दिया जिसमें उन्होंने 15 रन दिए और सोहेल तनवीर का एक विकेट लिया। पाकिस्तान के लिए समीकरण 12 गेंदों में 20 रन का था और उसके हाथ में दो विकेट थे। हरभजन को फिर से महत्वपूर्ण 19वां ओवर दिया गया क्योंकि धोनी ने अंतिम ओवर के लिए मध्यम तेज गेंदबाज जोगिंदर शर्मा को बचाया। हरभजन ने केवल सात रन देकर और उमर गुल का एक विकेट लेकर अपने कप्तान को सही साबित किया।

# समाजसेवी अजय गुप्ता के भाई विनोद गुप्ता की प्रथम पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी अजय गुप्ता के बड़े भाई स्व. विनोद कुमार गुप्ता की प्रथम पुण्यतिथि पर राजनीतिज्ञों, उद्यमियों, गणमान्य लोगों के अलावा मीडिया जगत ने भी उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की।




## पैठ बाजार की तरह हम रेट घटा रहे हैं लेकिन उन्हे तो जिता ही रहे हैं

वैसे तो इलेक्शन में मतदान से पहले और मतदान के बाद कैलकुलेशन लगते ही हैं लेकिन जैसा कैलकुलेशन फूल वालों के गढ़ में इस बार के लोकसभा चुनाव में हो रहा है वैसा कैलकुलेशन पहले नही देखा गया। कई कैलकुलेशन देख और सुन चुके पुराने भाजपाई ने कहा कि तुम लोग भी अजीब हो यार। हमने माना कि बन जायेगी सरकार और सीटे भी उतनी नही तो इतनी पार हो जायेंगी लेकिन ये तुमने गाजियाबाद में क्या पैठ बाजार लगा रखा है। दस से शुरू हुये और आठ पर आ गये। आठ से 6 और फिर अब पांच पर आ गये। टिका यहां भी नही जा रहा और कोई चार तो कोई तीन पर आ गया। पुराने भाजपाई की इस बात को सुन रहे बाजार के ही भगवा व्यापारी ने कहा कि ना तुमने सरकार देखी है ना तुमने बाजार और ना ही कारोबार देखा है। ये जो टिका की बात कह रहे हो तो सुन लो कि बाजार में वही टिका है जिसका माल बिका है। पैठ बाजार की खूबी ये ही है कि यहां दुकानदार कभी बोनी ना होने का रोना रोते नही दिखेगा वो पचास से शुरू होगा और दस पर बेच देगा। बिक्री तो कर ही ली ना उसने तो ऐसा है कि भले ही पैठ बाजार की तरह हम रेट घटा रहे हैं लेकिन चचा बी पाजिटिव एंड थिंक पाजिटिव। आप ये देखो कि रेट घटा कर भी हम लोकसभा में जिता तो उन्हे ही रहे हैं।

## रूक लिया ऐसे तो भ्रष्टाचार जब कमीशन को लेकर बैठ गये मेंबर चार

मुखिया ने आते ही एलान कर दिया था कि दलाली का अडडा नही बनने देगें। अजी यहां तो सारे चोर हैं,अजी कमीशन खोरी नही होने देगें। पांच बार के मेंबर रहे त्यागी जी ने समझाया भी था कि चेयर हमारे पास ही रही है इसलिये मुखिया बोल्ड तो रहें लेकिन जुबान थोड़ा होल्ड ठीक रहेगी। मगर सीन जो चल रहा है उसके किस्से बाबू चपरासी की जुबान पर भी हैं। पुराने वाले तो फिर भी कायदे में चल रहे हैं लेकिन नये वालों ने तो फायदे के लिये किसी भी हद तक जाने की ठान ली है। पुराने वालो का रेट दो था फिर ढाई हुया और तीन पर वो मान भी जाते थे। लेकिन नव मेंबरों ने तो आते ही पांच की डिमांड रख दी और कई को तो इस पांच के चक्कर में उन्होने रिमांड पर भी ले लिया। अब जो खबर है वो ये कि कमीशन को लेकर फूल वालों और हाथ वाले एक मेंबर ने भी हाथ मिला लिया। एक बैठक नये वाले मेंबरों की हुई और इस बैठक में चार मेंबर इसी पर चर्चा करने के लिये बैठे कि पांच से मामले का दस पर लाया जाये। लोटे में नमक डलने की बात पर सहमति बननी है कि मौहल्ला तेरा हो या मेरा लेकिन दस से नीचे कोई नही लेगा। जब तक दस नही मिलेगें तब तक कोई मेंबर लैटर भी नही देगा। कहने वाले ने कहा कि पानी अब सिर के ऊपर से बहने लगा है। अब तो निगम के बाबू से लेकर पूरा मौहल्ला कहने लगा है। क्या कोई इस कमीशनखोरी को रोक पायेगा।

## गाजियाबाद की यही है कहानी यहां आ जाते हैं हर बार चुनावी सैलानी

लोकल को टिकट मिला तो ठाकुरों की मूंछ पर बात आ गई। कहने वाले ने कहा कि ये तभी सही रहते हैं जब कोई गैर जिले से आकर इधर चुनाव लड़ता है। बताने वाले ने कहा कि गाजियाबाद की तो यही कहानी रही है कि यहां हर चुनाव में पालिटिकल टूरिस्ट आ जाते हैं चुनाव लड़ने और चुनाव लड़कर अगले दिन चले भी जाते हैं। हिस्ट्री से बताया कि वो दौर भी था जब यहां चुनाव लड़ने सेना से डायरेक्ट जनरल आये थे। फिल्मी सितारे राज बब्बर भी आये थे और उनकी गारंटी को लोनी के किसान आज भी याद कर कर के हंसते हैं। टीवी चैनल की एंकर इल्मी भी आई थी चुनाव लड़ने और नीले हाथी पर सवार होकर उपाध्याय भी यहीं से चुनाव लड़े। इस बार भी मुजफ्फरनगर का ठाकुर बदला लेने के लिये नीले हाथी पर सवार होकर चेतक वालों के गांव में घूमा। कहने वाले ने कहा कि यहां की कहानी यही है कि हर बार कोई चुनावी सैलानी आ जाता है

# एसडीजीआई यूनिवर्सिटी में संयुक्त प्रवेश परीक्षा 18 मई तक





**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में एनटीए द्वारा केन्द्रीय विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा, यू.जी. सीयूईटी की परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षा 15 मई से शुरू हो चुकी है और 18 मई तक तीन चरणों में सम्पन्न की होगी। दिल्ली एनसीआर एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के लगभग 5000 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा में सम्मिलित हो रहे समस्त परीक्षार्थियों को यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. डॉ. शक्ति कुमार एवं उपकुलपति पीयूष श्रीवास्तव ने उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामानाएं प्रदान की।

# आज रामकृपालु महाराज करेंगे जीएचबी फाउंडेशन के निःशुल्क अंतिम मोक्षयात्रा वाहन का लोकार्पण

**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** गैर सरकारी संस्था जीएचबी फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेन्द्र भारद्वाज एवं सचिव डॉली शर्मा के संयुक्त प्रयास से फाउंडेशन के पूर्व कोषाध्यक्ष एवं युवा उद्यमी सचिन भारद्वाज, डायरेक्टर, फॉक्स स्काई इलेक्ट्रॉनिक्स ग्रुप की पावन स्मृति में निःशुल्क अंतिम मोक्षयात्रा वाहन का लोकार्पण आज 17 मई दिन शुक्रवार को प्रातः ग्यारह बजे प्राचीन संकटमोचन श्रीहनुमान मंदिर, वसुंधरा सेक्टर 16-बी के प्रांगण में परम पूज्य गुरुदेव रामकृपालु महाराज एवं कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी डॉली शर्मा के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर फाउंडेशन की कोषाध्यक्ष विजयलक्ष्मी भारद्वाज, सहसचिव मनीष भारद्वाज, डायरेक्टर, फॉक्स स्काई इलेक्ट्रॉनिक्स ग्रुप, सदस्य महेश भारद्वाज, सुरेंद्र भारद्वाज, मनोज भारद्वाज, अथर्व शर्मा, सुश्री अनन्या भारद्वाज, महिपाल शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, संजय शर्मा, अजय शर्मा, अमित भारद्वाज, सुमित भारद्वाज, प्रिंस भारद्वाज, शिवम भारद्वाज, अश्विनी कौशिक, राहुल कौशिक, सुनील कौशिक, संजीव भारद्वाज, अमित शर्मा बंटी, जोराखण्ड यादव, बीपी यादव, विकास यादव, बादल यादव, वासुदेव शर्मा, शिवम ठाकुर,कमलेश पांडेय आदि मौजूद रहेंगे।




# नाले में मिला युवक का शव, हत्या कर फेंके जाने की आशंका



**मोदीनगर,करंट क्राइम।** एक युवक का प्लास्टिक की बोरी में लिपटा शव पुलिस ने नाले से बरामद किया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिये हैं। डीसीपी ग्रामीण व एसीपी मोदीनगर ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिंक टीम ने घटना स्थल से जरूरी साक्ष्य जुटाये हैं। लोगों ने हत्या के बाद शव को नाले में फेंकने की आशंका जताई है।

मोदीनगर पुलिस को सूचना मिली कि गांव तिबड़ा मानकी मार्ग पर नाले में एक शव पड़ा हुआ है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकाला। शव प्लास्टिक की बोरी में लिपटा हुआ था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शरीर व अन्य स्थान पर गहरे घाव के निशान दिखाई दे रहे थे। आशंका जताई जा रही है कि हत्या कर शव को नाले में फेंका गया है। हत्या किसी और स्थान पर की गई और फिर शव को यहां लाकर फेंक दिया गया है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। युवक की उम्र लगभग 28 साल है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का लग रहा है। शव की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।




## पास वाले कमिश्नरेट के बाद यहां बढ़ी अटेंशन




पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में गुरुवार को कई थानों और चौकी से लेकर सर्किल में अधिक अटेंशन देखने को मिली है। ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि पास वाले कमिश्नरेट में एक मौत के मामले ने पुलिस के आलाधिकारियों से लेकर टू और थ्री स्टार की धड़कने बढ़ा दी थीं। सुनने में आ रहा है कि जैसे ही सुबह पास वाले कमिश्नरेट की जानकारी यहां वाले कई थाना प्रभारियों को लगी उन्होंने सीधे पहले थाने की हवालात में झांका और फिर कार्यालय वालों को विशेष हिदायत दे दी। इसी के साथ जो थाने से दूर थे उन्होंने कैमरों का सहारा लिया और अपने थाने वाले सहयोगियों को बताया कि जरा अटेंशन देकर रहो। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम गाजियाबाद में सुनने में आ रहा है कि जो सख्त मिजाज वाले टू-स्टार हैं उनको नरमी बरतने का निर्देश भी दे दिया गया है। वहीं एक आईपीएस वाले साहब ने तो अपने एसीपी लोगों को भी हिदायत दे दी है कि सब इजी रहे। वैसे इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में चोरी और झपटमारी की घटनाओं में इजाफा हुआ है लेकिन पुलिस चुनावी सीजन होने की वजह से ज्यादा ध्यान नहीं दे रही है। इसी के साथ पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि पास वाले मामले में जिस प्रकार से आनल-फानन में कार्रवाई वाला करंट दिया गया है, उसकी आवाज आने वाले दिनों में दूर तक जाएगी। वहीं इसमें कुछ और भी नाम शामिल किए जा सकते हैं। इसी के साथ सुनने में आ रहा है कि मामला लखनऊ तक भी पहुंच गया बताया जा रहा है। जिसको लेकर आने वाले दिनों में कोई कड़ा फैसला भी लिया जा सकता है। कुल मिलाकर पास वाले कमिश्नरेट में सीन होने के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के माहौल में थोड़ा परिवर्तन आया है। जहां मामला टाइप चल रहा था, उसको लाइट करने का निर्देश बता रहा है कि कहीं ना कहीं पास वाले कमिश्नरेट के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अटेंशन बढ़ गई है। देखना होगा कि इस पूरे मामले में आने वाले दिनों में कई और खाकी वाले शामिल किए जाएंगे या मामला इतने में भी शांत होते ही इतिश्री कर लिया जाएगा। वैसे सुनने में आ रहा है कि जिस चौकी से जुड़ा पूरा मामला हैं उसमें यहां के भी कुछ पूर्व कर्मी शामिल बताए जा रहे हैं। अब देखना होगा कि जैसी कार्रवाई पास वाले कमिश्नरेट में हुई है उसका संदेश तब तक बना रहेगा।

# स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत निकाली गई जागरूकता रैली

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** डॉ० केएन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत कॉलेज के स्वच्छ साथी क्लब व नगर पालिका परिषद के तत्वाधान में वाहिनी के कमान अधिकारी कर्नल रामपाल दहिया एवं नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र के निर्देशन व कॉलेज के एनसीसी अधिकारी प्रवीण जैनर के नेतृत्व में एक स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

रैली को कॉलेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य तेजपाल सिंह, पालिका के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अमरीश कुमार ने स्युंक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए बस स्टैंड, तिबड़ा रोड, रेलवे फाटक, मोदीपोन कॉलोनी गेट पर पहुंची। इसके उपरांत रैली स्लोगन के माध्यम से आमजन को स्वच्छता का संदेश देते हुए मोदीपोन कॉलोनी पहुंची जहाँ कॉलोनी सभासद वेद प्रकाश चौधरी, नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिस्त्र एवं पालिका परिषद के अध्यक्ष विनोद वैशाली के निर्देशन में नगर पालिका के कर्मचारी एवं सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर सफाई अभियान चलाया।



इसके उपरांत मोदीपोन कॉलोनी में लोगों को जागरूक करते हुए प्रोजेक्ट मैनेजर विपिन कुमार ने लोगों को गीले कचरे का कंपोस्ट बनाकर पौधों में इस्तेमाल करने व अपने कचरे का निस्तारण स्वयं ही करने के लिए प्रेरित किया। रैली के दौरान कैडेट्स बैनर, पोस्ट कार्ड, प्ले कार्ड आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक करते नजर आए। इस दौरान नगर पालिका परिषद के खाद्य एवं सफाई निरीक्षक अमरीश कुमार, शोभा चौधरी, डॉ0 रवींद्र कुमार, नरेश कुमार, अंकित गोयल, अंकित चौधरी, आशीष कुमार, शिवानी, सीटीओ राजीव कुमार, सूबेदार मेजर राजेंद्र सिंह, हवलदार संतोष व सैकड़ों एनसीसी कैडेट्स का विशेष योगदान रहा।

# श्रीवैदिक ज्यातिष संस्थान ने किया विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री का वितरण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्रीवैदिक ज्योतिष संस्थान द्वारा सेवा भारती विवेकानंद विद्या मंदिर नंदग्राम में सभी विद्यार्थियों को पूरे साल की स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया गया। वैदिक ज्योतिष संस्था के संचालक एवं पंडित विद्यार्थी अमित और उनके सहयोगियों द्वारा विद्यार्थियों को पढ़ने एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया गया व आश्वासन दिया कि आगे भी उनकी संस्था इस प्रकार का सहयोग विद्यालय को देती रहेगी।

पाठ्य सामग्री वितरण में श्रीलाल कोंडिल,सतीश अरोड़ा,कमल गोयल,नितिन जैन,मनोज त्यागी,सीमा गिरि, मनीष कुमार,अंशुल कपूर, निधि विश्वकर्मा, नीतू कोंडिल, कोविद, निवान का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य सीमा भसीन,कोषाध्यक्ष अरुण गुप्ता व स्कूल की अध्यापिकाएं उपस्थिति रहीं।





## अग्रेजी शराब के ठेके पर युवकों ने जमकर मचाया उत्पात व की फायरिंग

**मुरादनगर(करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में पाइपलाइन मार्ग पर गांव सरना के सामने स्थित अग्रेजी शराब के ठेके पर उधार शराब ना देने पर नाराज युवकों ने गुरुवार शाम साढे चार बजे के आसपास जमकर उत्पात मचाया। अपने को घिरा देखकर आरोपी फायरिंग करते हुए फरार हो गए। पुलिस ने पीछा कर एक युवक को दबोच लिया है। पुलिस अन्य युवकों की तलाश कर रही है। पाइपलाइन मार्ग पर गांव सरना के सामने अग्रेजी शराब व बीयर का ठेका है। ठेके पर मेरठ निवासी राधेलाल व अंकुर सेल्समैन है। गुरुवार शाम को साढे चार बजे के आसपास अग्रेजी शराब की दुकान पर तीन युवक आए और उधार शराब मांगी। सेल्समैन द्वारा इंकार करने पर वह गाली गलौच करने लगे और उत्पात मचाने लगे। इतना ही नहीं युवकों ने दुकान की शटर पर ईट फेंकनी शुरू कर दी।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

दैनिक करंट क्राइम सिर्फ सच...











# फ्रांस शासित न्यू कैलेडोनिया में नए विधेयक को लेकर हिंसा, चार की मौत




**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में सांसदों द्वारा नए विधेयक पर सहमति बनाने के बाद देश से हजारों किलोमीटर दूर न्यू कैलेडोनिया में दंगे भड़क गए। दरअसल, न्यू कैडेलोनिया, ऑस्ट्रेलिया के पास एक क्षेत्र है, जिस पर फ्रांस का शासन है। पेरिस में पास हुए नए विधेयक के अनुसार, 10 वर्षों से न्यू कैलेडोनिया में रहने वाले फ्रांसीसी निवासियों को प्रांतीय चुनावों में मतदान करने की अनुमति दी जाएगी। इस फैसले से कुछ स्थानीय नेताओं को डर है कि इससे





वहां के मूल निवासियों के वोट की अहमियत कम हो जाएगी। इस विधेयक को लेकर पिछले तीन दिनों से न्यू कैलेडोनिया में हिंसा जारी है। इस दौरान शीर्ष फ्रांसीसी अधिकारी ने गुरुवार सुबह कहा कि सशस्त्र बलों को न्यू कैलेडोनिया के दो हवाई अड्डों और बंदरगाहों की रक्षा करने के लिए तैनात किया गया है। बता दें कि इस हिंसक दंगों में चार लोगों की मौत हो गई। इस हिंसक प्रदर्शन को देखते हुए फ्रांस ने आपातकाल की घोषणा की।

फ्रांस के उच्चायुक्त लुई ले फ्रैंक ने कहा कि तीन नगर पालिकाओं में जेंडरमेस को पांच हजार प्रदर्शनकारियों का सामना करना पड़ा, जिसमें से तीन से चार हजार राजधानी नौमिया से थे। उन्होंने आगे कहा, दो सौ लोगों को गिरफ्तार किया गया। 64 जेंडरमेस और कई पुलिसकर्मी घायल हुए।

### फ्रांस में आपातकाल की घोषणा

फ्रांस ने न्यू कैलेडोनिया में आपातकाल की घोषणा की। प्रदर्शनकारियों ने कई वाहनों में आग लगा दी। इसके साथ ही उन्होंने कई दुकानों में भी लूटपाट की। मौजूदा स्थिति पर बात करते हुए नौमिया के निवासी योन फ्लूरोट ने बताया कि उन्होंने लूटपाट होते हुए देखा। कुछ दुकान के मालिक अपनी मर्जी से छापेमारी की इजाजत दे रहे हैं। वे दुकान को नुकसान न पहुंचाने का अनुरोध करते हैं।

इस हिंसा में तीन युवा कनक की मौत हो गई। वहीं गोली लगने से एक 24 वर्षीय पुलिसकर्मी की भी जान चली गई। क्षेत्र में आपातकाल की स्थिति अगले 12 दिनों तक रहेगी। प्रशासन ने टिक-टॉक वीडियो एप पर भी प्रतिबंध लगाया है।

### पाकिस्तानी सांसद ने दिल खोलकर की तारीफ

# 'भारत चांद पर पहुंच गया, हमारे बच्चे गटर में गिरकर मर रहे'

### पाकिस्तान में करीब ढाई करोड़ बच्चे स्कूल नहीं जा रहे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के एक सांसद सैयद मुस्तफा कमाल ने भारत की दिल खोलकर तारीफ की है। पाकिस्तानी सांसद ने कहा कि एक तरफ खुले गटर कराची में बच्चों की जान ले रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ भारत चांद पर पहुंच गया है। पाकिस्तान की राजनीतिक पार्टी मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) के सांसद सैयद मुस्तफा कमाल ने वहां की संसद में अपने संबोधन में देश की सरकारों को आईना दिखाया।


पाकिस्तानी सांसद सैयद मुस्तफा कमाल

पाकिस्तानी सांसद ने कहा कि 'आज जब दुनिया चांद की तरफ जा रही है, हमारे बच्चे अभी भी कराची में गटर में गिरकर मर रहे हैं। हमारे टीवी स्क्रीन पर जब हम खबरें देखते हैं कि भारत चांद पर पहुंच गया और उसके दो सेकेंड बाद ही खबर आती है कि कराची में खुले गटर में गिरकर बच्चे की मौत हो गई।' एमक्यूएम नेता ने कराची में ताजा पानी की कमी का जिक्र करते हुए कहा 'कराची पाकिस्तान में राजस्व का इंजन है। देश में दो बंदरगाह हैं और दोनों कराची में हैं। एक तरह से यह देश का गेटवे है। 15 वर्षों से कराची को ताजा पानी नहीं मिला है, जब भी पानी आता है तो तो उसे टैंकर माफिया कब्जा लेते हैं।' सैयद मुस्तफा कमाल ने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा 'सिंध प्रांत में करीब 70 लाख बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं और राष्ट्रीय स्तर पर यह आंकड़ा करीब 2.6 करोड़ है। कराची, सिंध प्रांत की ही राजधानी है।' मुस्तफा कमाल ने कहा 'हमारे यहां कुल 48 हजार स्कूल हैं, लेकिन एक रिपोर्ट बताती है कि इनमें से 11 हजार स्कूल खाली पड़े हैं। देश में 2.62 करोड़ बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे। इस बात से देश के नेताओं की नींद उड़ जानी चाहिए।'

### मौलाना फजलुर रहमान भी कर चुके हैं तारीफ

सैयद मुस्तफा कमाल का यह बयान पाकिस्तान के ही एक अन्य वरिष्ठ नेता मौलाना फजलुर रहमान के उस बयान के बाद सामने आई है, जिसमें मौलाना फजलुर रहमान ने कहा था कि 'भारत - पाकिस्तान साथ आजाद हुए थे, लेकिन आज वे (भारत) महाशक्ति बनने का ख्वाब देख रहे हैं और हम दिवालियापन से बचने के लिए भीख मांग रहे हैं।'

# 'विदेश में कम भारतीयों वाले कॉलेज चुनें', दुबई में भारतीय मूल के सीईओ के सुझाव, सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस

**दुबई।** दुबई में भारतीय मूल की सीईओ ने छात्रों से कम भारतीयों वाला कॉलेज चुनने का सुझाव दिया। उनके इस सुझाव ने एक नया विवाद खड़ा कर दिया। श्रेया पत्तर वेंचर्स की सीईओ श्रेया पत्तर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर यह बयान दिया। उन्होंने कहा कि विदेशों में पढ़ने के लिए आने वाले भारतीय छात्र घरेलू भावना के साथ नहीं आते, बल्कि एक विषैले भारतीय पैटर्न के साथ आते हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए श्रेया पत्तर ने कहा, अगर कोई भी भारतीय छात्र उच्च शिक्षा के लिए विदेश में जाने की सोच रहे हैं तो उन्हें यह जांचना चाहिए कि उस यूनिवर्सिटी में कितने भारतीय छात्र हैं। जिस यूनिवर्सिटी में भारतीय छात्रों की संख्या जितनी अधिक होगी, आपकी सूची में उसका स्थान उतना ही नीचे होना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा, छात्रों का एक बड़ा भारतीय समुदाय विदेशों में घरेलू भावना के साथ नहीं आते, बल्कि एक विषैले भारतीय पैटर्न के साथ आते हैं।



उनमें बहुत ड्रामा होता है, इसके अलावा व्यावसायिकता की कमी, अच्छे रोल मॉडल न होना, अपने जूनियर्स के प्रति जिम्मेदारी न होना, पीठ पीछे बुराई करना, भविष्य के प्रति कोई गंभीरता नहीं होना भी शामिल हैं।

श्रेया पत्तर ने कहा, अगर आप देश के बाहर जाने की सोच रहे हैं तो यह सुनिश्चित करें कि आप इन लोगों की मानसिकता, दृष्टिकोण और ऐसे लोगों से दूर रहेंगे। आपको अपने आस-पास ऐसे लोगों की जरूरत नहीं होनी चाहिए, जो घर जैसा महसूस करें। अगर आप ऐसा करते हैं तो आप विदेश न जाए।

**श्रेया पत्तर के बयान पर यूजर्स ने दी प्रतिक्रिया :** श्रेया पत्तर के इस पोस्ट को आठ लाख से भी ज्यादा लोगों ने देखा। इस पर यूजर्स ने प्रतिक्रिया भी दी। कुछ इससे सहमत हुए, जबकि कुछ ने आलोचना भी की।

यूजर ने कहा, मैं आपसे पूरी तरह से सहमत नहीं हूं। मैं 2011 में एक अस्पताल में काम करने के लिए ऑस्ट्रेलिया गया था। वहां सबसे ज्यादा ईर्ष्यालु लोग भारतीय ही थे। वहां पहुंचने पर यह मेरे लिए एक सदमा था और ऑस्ट्रेलिया छोड़ने तक मैं इससे उबर नहीं पाया था।

एक दूसरे यूजर ने कहा, हर देश के अपने जहरीले पैटर्न होने चाहिए। आपने विदेश में पढ़ाई की है। ये जहरीले पैटर्न क्या हैं जो आपने दूसरे देशों के छात्रों में देखे हैं? वहीं एक अन्य यूजर ने कहा, अगर आप केवल अपने लोगों के बीच में ही घूमते हैं, तो आपका विदेश जाने का क्या मतलब।




# कमला हैरिस की भारतीय मूल के लोगों से अपील- ज्यादा संख्या में राजनीति में आएं

**वाशिंगटन।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अपने एक बयान में बड़ी बात कही है, उन्होंने कहा कि अमेरिका में भारतीय मूल के लोगों की जितनी जनसंख्या उसके अनुपात में राजनीति में भारतीय मूल के लोग कम हैं। कमला हैरिस ने भारतीय मूल के लोगों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में राजनीति में आने की अपील की। कमला हैरिस डेमोक्रेटिक थिंक टैंक इंडियन अमेरिकन इंपैक्ट के वार्षिक सम्मेलन 'डेसिस डिसाइड' में बतौर मेहमान शामिल हुईं, उसी दौरान उन्होंने भारतीय मूल के लोगों को राजनीति में आने के लिए कहा।

### 'जनसंख्या के लिहाज से निर्वाचित सदस्यों की संख्या कम'

कार्यक्रम में बोलते हुए कमला हैरिस ने कहा बीते वर्षों में, भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक ज्यादा संख्या में निर्वाचित प्रक्रिया का हिस्सा बने हैं, लेकिन ये संख्या अभी भी उनकी बढ़ती जनसंख्या के सही अनुपात को नहीं दर्शाती है। अभी अमेरिकी कांग्रेस में भारतीय मूल के पांच निर्वाचित सदस्य हैं, जिनमें डॉ. एमी बेरा, राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, प्रमिला जयपाल और श्री थानेदार का नाम शामिल है। इंडियन अमेरिकन इंपैक्ट का मानना है कि 2024 के चुनाव में भारतीय मूल के निर्वाचित सदस्यों की संख्या पांच से बढ़कर 10 हो सकती है।

अमेरिका में भारतीय मूल का समुदाय दूसरा सबसे बड़ा अप्रवासी समुदाय है और 2024 के चुनाव में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच भारतीय मूल का समुदाय कई राज्यों में अहम साबित हो सकता है। कमला हैरिस ने वॉशिंगटन में आयोजित हुए कार्यक्रम डेसिस डिसाइड में थिंक टैंक इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट की भी तारीफ की और कहा कि 'यह थिंक टैंक काफी अच्छा काम कर रहा है, साथ ही उन लोगों को भी धन्यवाद देना चाहती हूं, जो चुनाव लड़ रहे हैं और आपको चुनाव जरूर लड़ना चाहिए।' हैरिस ने कहा आपको पता होना चाहिए कि आप अकेले नहीं हैं।

अभी भी ऐसे बहुत से काम हैं, जो बतौर देश हमें करने हैं और इसी वजह से हम यहां हैं। हम अमेरिकी सपने में विश्वास रखते हैं और मैं ये कहना चाहती हूं कि अमेरिकी सपने का मैं सबसे बड़ा उदाहरण हूं। गौरतलब है कि कमला हैरिस भारतीय अमेरिकी और अफ्रीकी अमेरिकी मूल की पहली महिला उपराष्ट्रपति हैं।

# भारतीय लड़के ने दुबई में पेश की ईमानदारी की मिसाल, पुलिस ने किया सम्मानित

**दुबई।** दुबई की पर्यटक पुलिस ने एक भारतीय लड़के को सम्मानित किया। उसने एक घड़ी लौटाई जो उसे अपने पिता के साथ टहलते समय मिली थी। पुलिस ने लड़के को उसकी ईमानदारी और अच्छे फैसले के लिए सम्मानित किया।

पुलिस विभाग ने इस जानकारी को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किया है। लड़के का नाम मुहम्मद अयान यूनिस है। पुलिस ने एक्स पर लिखा, दुबई पुलिस ने पर्यटक की खोई हुई घड़ी लौटाने के बाद ईमानदारी के लिए बच्चे को सम्मानित किया।

उन्होंने पर्यटक पुलिस विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर खलफान ओबेद अल जल्लाफ, लेफ्टिनेंट कर्नल मुहम्मद अब्दुल रहमान और कैप्टन शहाब अल सादी की एक तस्वीर साझा की, जिसमें लड़के को एक प्रमाण पत्र देते हुए दिखाया गया है।




पर्यटक दुबई आया था। उसने अपनी घड़ी खो दी थी। घड़ी खोने के बाद पर्यटक अपने देश के लिए रवाना हो चुका था। हालांकि, दुबई पुलिस ने पर्यटक से संपर्क किया और उसे अपनी घड़ी लौटाई। अपनी घड़ी पाने के बाद पर्यटक ने दुबई पुलिस की कार्रवाई पर संतोष जाहिर किया।

ब्रिगेडियर जल्लाफ ने कहा कि लड़के के व्यवहार यूएई के उच्च नैतिक मानकों को दिखाता है।

# वर्तमान राष्ट्रपति बाइडन की बहस की चुनौती को ट्रंप ने किया स्वीकार

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के बीच जून और सितंबर में बहस के लिए आमने-सामने होने वाले हैं। दरअसल, दोनों ही नेता व्हाइट हाउस में अपने दूसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में शामिल हैं। राष्ट्रपति चुनाव से पहले ट्रंप और बाइडन दोनों ने बहस का निमंत्रण स्वीकार किया। पहली बहस 27 जून को सीएनएन और दूसरी बहस 10 सितंबर को एबीसी न्यूज की तरफ से आयोजित की गई है।

राष्ट्रपति जो बाइडन ने पुष्टि की कि उन्होंने बहस के लिए सीएनएन के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा, मुझे 27 जून को बहस के लिए सीएनएन की तरफ से



निमंत्रण मिला। मैंने इसे स्वीकार कर लिया। अब ये आपके ऊपर है डोनाल्ड ट्रंप। जैसा कि आपने कहा, कभी भी, कहीं भी।

एक अन्य पोस्ट में राष्ट्रपति बाइडन ने कहा, मैंने एबीसी न्यूज के निमंत्रण को भी स्वीकार कर लिया है। बहस 10 सितंबर को आयोजित की जाएगी। ट्रंप का कहना है कि वह अपने परिवहन की व्यवस्था खुद करेंगे। मैं भी अपना विमान लाऊंगा। मैं इसे अगले चार वर्षों तक रखने की योजना बना रहा हूं।

2020 में राष्ट्रपति के पद से हटने के बाद एक बार फिर व्हाइट हाउस में अपने दूसरे कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ने वाले डोनाल्ड ट्रंप ने भी निमंत्रण स्वीकार कर लिया है।

### भारत ने पुरजोर तरीके से उठाई मांग

# '40 भारतीय नाविकों को रिहा करे ईरान'

**तेहरान।** ईरान में बीते आठ महीने से हिरासत में लिए गए 40 भारतीय नाविकों की रिहाई हो सकती है। दरअसल भारत ने ईरान से 40 भारतीय नाविकों को रिहा करने को कहा है। बता दें कि बीते आठ महीनों में इन नाविकों को फारस की खाड़ी से चार अलग-अलग व्यापारिक जहाजों से हिरासत में लिया गया था। भारत के बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन से तेहरान में एक मुलाकात के दौरान नाविकों को रिहा करने का अनुरोध किया।

**भारतीय नाविकों की रिहाई पर ईरान का जवाब :** बता दें कि केंद्रीय मंत्री सोनोवाल तेहरान में थे, जहां भारत ने चाबहार बंदरगाह को संचालित करने के लिए 10 साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। यह बंदरगाह मध्य एशिया के साथ भारत के व्यापार को विस्तार देने में मदद करेगा।

सोनोवाल और अब्दुल्लाहियन के बीच बैठक में द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की गई। मुलाकात के दौरान केंद्रीय मंत्री ने ईरान के विदेश मंत्री से बंधक बनाए गए भारतीय नाविकों की रिहाई का अनुरोध किया।

**बीते आठ महीनों में हिरासत में लिए गए 40 भारतीय नाविक :** सूत्रों का कहना है कि सभी नाविक चार अलग अलग जहाजों में काम कर रहे थे।

स्टीवन, ग्लोबल चेरिलिन, मार्गोल और एमएसजी एरीज नाम के जहाजों को बीते आठ महीनों में ईरान द्वारा जब्त किया गया।

# 'इमरान खान की पार्टी को 9 मई की हिंसा के लिए माफी मांगनी होगी', बिलावल भुट्टो की चेतावनी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने चेतावनी दी है कि इमरान खान और उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ ने अगर बीते साल 9 मई को हुए दंगे के मामले में माफी नहीं मांगी तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि पीटीआई गंभीर राजनीतिक पार्टी नहीं है।

बुधवार को पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में बोलते हुए बिलावल भुट्टो ने कहा कि 'किसी को भी आतंकी घटनाएं अंजाम देने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। विपक्षी नेताओं ने बीते साल 9 मई को उन शहीदों के स्मारकों का अपमान किया, जिन्होंने देश के लिए अपनी जान दी।' गौरतलब है कि बीते साल 9 मई को इमरान खान की गिरफ्तारी के विरोध में पाकिस्तान में हिंसा हुई थी।



### बिलावल का आरोप- हिंसा में शहीदों के स्मारकों को पहुंचाया गया नुकसान

इस हिंसा के दौरान पीटीआई समर्थकों ने सेना के कई शीर्ष अधिकारियों के घरों के साथ ही सार्वजनिक संपत्ति को भी भारी नुकसान पहुंचाया था। हालांकि इमरान खान और उनकी पार्टी ने हिंसा के आरोपों को नकार दिया है।

**पीटीआई का लोकतंत्र, संविधान में कोई विश्वास नहीं :** बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि पीटीआई गंभीर पार्टी नहीं है और उनमें देश की राजनीति करने की कोई इच्छा नहीं है, उनके नेता जेल में रो रहे हैं। पीपीपी नेता ने कहा 'वे (पीटीआई) अपने निजी हित साधना चाहते हैं। मैं उनके गैर-गंभीर रवैये की आलोचना करता हूं। एक तरफ वे दावा करते हैं कि वह पाकिस्तान के संविधान की सर्वोच्चता की लड़ाई लड़ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ वे सिर्फ सैन्य प्रतिष्ठान से बातचीत करने की बात कर रहे हैं।' पीपीपी नेता ने कहा पीटीआई और सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के नेताओं का लोकतंत्र, संविधान, कानून में कोई विश्वास नहीं है। बिलावल भुट्टो ने पाकिस्तानी नेताओं से पाकिस्तान के आगामी बजट को लेकर सुझाव देने की भी अपील की। उन्होंने अपील की कि सरकार देश के आयात विवाद को सुलझाने के लिए भी कड़े कदम उठाए और इस मामले में दोषी लोगों की जवाबदेही तय की जाए।

# भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशौदिया ने प्रवासी कार्यकर्ताओं की बैठक में चुनावी कार्ययोजनाओं के निर्वहन पर जोर दिया





**लखनऊ,करंट क्राइम।** लखनऊ लोकसभा के मुख्य चुनाव कार्यालय पर गुरुवार को क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशोदिया ने प्रवासी कार्यकर्ताओं की बैठक कर लोकसभा चुनाव की कार्ययोजनाओं व संगठन को सशक्त करने संबंधी विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि अपनी अपनी विधानसभाओं, मंडलों में,वार्डो में वोटर पर्ची बंटवाना अहम है एवं हर बूथ पर 20 नए कार्यकर्ता बनाए जाएं जो वोटरों को पोलिंग बूथों तक पहुंचाएं और वोटिंग परसेंटेज को बढ़ाया जाये।

इस मौके पर लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद त्रिवेदी, महामंत्री शुक्लाजी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मयंक गोयल, जिला अध्यक्ष हापुड़ नरेश तोमर, जिला अध्यक्ष नोएडा मनोज गुप्ता, जिला अध्यक्ष गौतमबुद्धनगर गजेंद्र मावी , जिला अध्यक्ष बिजनौर,गाजियाबाद के पूर्व डिप्टी मेयर सरदार सिंह भाटी, महामंत्री पप्पू पहलवान,पार्षद रवि भाटी, पार्षद कालीचरण पहलवान, पार्षद आशीष चौधरी, पार्षद डॉक्टर अनिल तोमर,पूर्व पार्षद एस पी सिंह, पार्षद नरेश भाटी, पार्षद राजकुमार, सचिन डेढ़ा, युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपक ठाकुर ,मुन्ना सिंह, पार्षद राहुल शर्मा, साहिल ठाकुर, रामकुमार नागर , प्रीति चंद्रा, प्रियंका पांडेय, भोपाल यादव, मुकेश, हरिओम, दुष्यंत चौधरी, इंदरपाल चौधरी, अमित अवाना ,राजकुमार यादव ,धर्म सिंह तंवर ,नितिन कुमार,अमिताभ पोसवाल, अमित भाटी, अनुज राघव, अभिजीत मुखर्जी, पवन आदि सभी पश्चिम उत्तर प्रदेश से आए कार्यकर्ताओं को क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशौदिया ने अपनी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन सही से करने पर जोर दिया।

# जिला अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने जिला पर्यवेक्षण समिति की बैठक में दिये अभियोग निस्तारण के निर्देश



**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** जिला मुख्यालय के महात्मा गांधी सभागार में जिला अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में उ0प्र0 गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम से सम्बंधित थाना जीआरपी के अभियोगों के सम्बंध में जिला पर्यवेक्षण समिति अभियोजन की त्रैमासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अभियोगों के शीघ्र निस्तारण, अभियुक्तों के जमानत प्रार्थना पत्रों के निरस्त किये जाने तथा अभियोगों में अधिकतम अभियुक्तों को सजा कराने के बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। जिला अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि उ0प्र0 गिरोहबंद एवं समाज विरोधी अभियुक्तों को दण्ड दिलाने का प्रयास किया जाये। बैठक में संयुक्त निदेशक अभियोजन, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी, क्षेत्राधिकारी जीआरपी, सब–इन्सपेक्टर जीआरपी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मिस्टर नागर और मिस्टर मास्टर बैठे थे कहीं पर एक साथ ? तभी यहाँ पर छिड़ गई दोनों के बीच में विधानसभा के उपचुनाव वाली बात ? हमने देखा दोनों की गुर्जर फैक्टर पर थी एक सी राय ? कह रहे थे, ज्यादा हैरान मत होना अगर यहाँ से पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी को चुनाव लड़ा दिया जाये ? पार्टी में गंभीरता से चल रहा है इस सीट पर ओबीसी वाला मैटर ? अगर मामला गुर्जर चेहरे को टिकट देने का आया ? तो मिस्टर चौधरी ही रहेंगे सबसे बेटर ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमे अकसर होते है कांग्रेस के कार्यालय पर पूर्व ज़िला अध्यक्ष बीजेंद्र यादव जी के दीदार ? मगर इन दीदारों के बीच में जन्म ले रहा है एक नया विचार ? कहने वाले ने कहा मुझे बीजेंद्र जी के कार्यालय पर आने से कोई आपत्ति नहीं ? मगर हम ये कहना चाहते है कि अभी तक पार्टी कार्यालय पर क्यों नहीं हुए ज़िला अध्यक्ष त्यागी जी के दीदार ? हो सकता है वो गये हो पार्टी कार्यालय पर और चूक गई हो मेरी नजर ? मगर उनके ना दिखाई देने की चर्चाएँ, सुनाई दे रही है आजकल इधर से लेकर उधर ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने किअगर हुआ शहर सीट पर विधानसभा वाला उपचुनाव ? तो यहाँ पर सबको चौंकायेगा एक नाम ? ये नाम पिलखुवा चेयरमैन विभु बंसल का होगा ? इस नाम को सुनकर आप ना होना ज्यादा हैरान ? कहने वाले ने कहा कि वैश्य फैक्टर पर इस नाम से निकाली जाएगी जायसवाल जी , डबल गोयल से लेकर साँवरिया जी सहित कई वैश्य चेहरों की काट ? ये नाम आँधी की तरह मैदान में आएगा ? एक बार आप खत्म तो होने दो लोकसभा का चुनाव ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं गाज़ियाबाद में हर साल होता है एक बड़ा कवि सम्मेलन ? इस सम्मेलन को कहा जाता है अट्टहास ? सुना है इस बार इस आयोजन के चीफ गेस्ट बनाये गये है डॉ साहब ? डॉक्टर साहब के चीफ गेस्ट होने से नहीं है हमे कोई भी आपत्ति ? बस हम है इस बार गाज़ियाबाद के सबसे बड़े ताकतवर वैश्य चेहरे की चीफ गेस्ट ना बनाये जाने को लेकर हैरान ? इस बारे में हम क्या ज्यादा बतायेंगे ? इस संबंध में तो कार्यक्रम के बोर्ड पर नजर आने वाले दो प्रमुख वैश्य चेहरों के नाम ही बेहतर बता सकते है श्रीमान ? सुना है इस आयोजन में सोच समझकर नहीं रखा गया है, घुँघरू बिखर जाने वालों का भी नाम ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ये बात एक दिमाग में एकदम से नहीं डलेगी ? जबतक है मिस्टर गर्ग के ऑर्बिट में मिस्टर मित्तल ? तब तक रेखा पार के राजपूत, रेड फेस मैन और मिस्टर नागर की दाल नहीं गलेगी ? ऑर्बिट के बाहर ही घूमती रहेगी इन तीनों की सैटेलाइट ? पूरी योजना में इन तीनों का मामला रहेगा एकदम टाइट ? सुना है गर्ग साहब को मित्तल जी लगते है एकदम राइट चेहरा ? इनमें से एक चेहरे को सब कुछ अच्छा लगता है गर्ग साहब का ? मगर मित्तल जी को भाव देने वाला डिजन नहीं लगता है नाइस ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा साँवरिया जी ने एक कार्यक्रम में मिस्टर जायसवाल को अपने सामने देखकर निकाल दी दिल की बात ? कह दिया भाई साहब आप संघर्ष करो हम है आपके साथ ? जब टटोला तो पता चला विधानसभा उपचुनाव की संभावना को लेकर सिर्फ.गले से ही बाहर आये थे अग्रवाल जी के जायसवाल जी के लिए शब्द बाहर ? दिल से वो इस बात को भला कैसे कहते, जब वो खुद है शहर सीट से जायसवाल जी की तरह दावेदार ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जहां शहर सीट के दावेदारों ने अपनी दावेदारी को मजबूत करने के लिए बनाया हुआ बाहर की लोकसभा के दावेदारों के यहाँ जाकर चुनाव लड़वाने का प्रोग्राम ? सुना है, वही इस अवसर का फायदा उठाकर मिस्टर गेम फिनिशर दे रहे लगातार दूसरी कार्यवाही को अंजाम ? प्लान टू के तहत वो दिल्ली जाकर कर रहे संघ से लेकर संगठन के बड़े चेहरों से मुलाकात ? सुना है उनकी मुलाकातें भी हो रही रोजाना लाजवाब ? जब लोटेंगे चुनाव लड़ाकर सभी दावेदार गाज़ियाबाद ? तब तक बाजीगर वाला गेम हो जाएगा उनके साथ ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि होनी को अनहोनी कर दे होनी को अनहोनी ? कुछ ऐसे ही हमारे गाज़ियाबाद वाले भगवा सोनी ? हमने देखा जब तक चल रहा था गाज़ियाबाद में लोकसभा चुनाव ? तब तक बुझाई हुई थी उन्होंने प्राइवेट स्कूल वालों के खिलाफ अपनी आंदोलनकारी आवाज ? जैसे ही खत्म हुआ यहाँ का मतदान ? वैसे ही आ गया उनके अंदर प्राइवेट स्कूल वालों की मनमानी के खिलाफ तूफान ? अब आप ही बताओ इसे होनी और अनहोनी ना कहें तो क्या कहे श्रीमान ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको एक बात चाहता हूँ बताना ? भगवा मास्टर जी भूमिका बनाकर ढूँढ ही लेते है अपने सबसे प्रिय पंजाबी नेता की तारीफ का बहाना ? वो कही बैठे थे कर रहे चुनाव में कार्यकर्ताओं की मेहनत की तारीफ ? तारीफ करते करते उनके शब्दों का रुख हो गया राजनगर के उधर ? फिर वो यहाँ पर उत्साहित होकर बोले, एक सच्चे कार्यकर्ता की तरह उन्होंने अपने क्षेत्र के एक एक बूथ की कि केयर ? ढूँढ ढूँढकर इस तरह की तारीफ करने का अन्दाज होता है काफी रेयर ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भैया जी के गाँव में जरूर पार होगी गर्ग साहब की नैया ? सुना है गाँव वालों ने भैया जी के आदेशों को पूरी तत्परता से है माना ? कहने वाले ने कहा इस मामले में मैं बाकी गाँवों पर भैया जी के आदेशों को लेकर कोई गारंटी नहीं ले सकता हूँ ? बस यही संदेश में चाह रहा था आप तक पहुँचाना ?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# डेंगू दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली को सीडीओ व सीएमओ ने किया झंडी दिखाकर रवाना

## शहर के कई प्रतिष्ठित स्कूलों की छात्राओं ने किया प्रतिभाग





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर डेंगू से बचाव एवं रोकथाम और लोगों को जागरूक करने के लिए विशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली में शम्भु दयाल कॉलेज के एनसीसी कैडेटस, ठाकुरद्वारा स्कूल, एम०बी० गर्ल्स इण्टर कॉलेज चन्दरपुरी एवं गुरू नानक पब्लिक स्कूल लोहिया नगर की छात्राओं के साथ-साथ स्कूल बैंड पार्टी एवं स्कूल द्वारा नामित स्वास्थ्य शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया।

रैली में साथी फाउण्डेशन की संचालिका के साथ चिकित्सक दल डब्लूएचओ एवं यूनिसेफ के एसएमओ एवं समस्त फील्ड मॉनिटर, मलेरिया विभाग, क्षय रोग विभाग, आईडीएसपी एवं एनसीडी सैल के चिकित्सक एवं पैरा मेडिकल स्टाफ ने भी प्रतिभाग किया।

रैली का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भवतोष शंखधर ने सम्मिलित रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। डेंगू से बचाव एवं रोकथाम हेतु यह जनजागरूकता रैली जिला एमएमजी चिकित्सालय से शुरू होकर हापुड़ मोड़ होते हुए नवयुग मार्केट स्थित डॉ. भीमराम अम्बेडकर पार्क में स्वल्पाहार के उपरान्त समाप्त हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने लोगों से फुल ड्रेस कोड में रहने एवं घर में एवं घर के आस.पास खुले में साफ पानी एकत्रित न होने की सलाह दी।

रैली के समापन के उपरान्त प्रतिभागी स्कूलों को स्मृति चिन्ह दिये गये एवं उनके सहयोग की प्रशंसा की गयी। रैली में प्रतिभाग करने वाले जिला एमएमजी चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला सर्विलान्स अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, क्षेत्रीय एन्टोमोलॉजिस्ट, डॉ० शिवी अग्रवाल, डॉ० सुरूचि सैनी, नरेन्द्र कुमार सहायक मलेरिया अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# निगम के प्लास्टिकमुक्त अभियान में आई तेजी, 13 दिन में 4 लाख से अधिक जुर्माना वसूला

● नगर आयुक्त ने बाजार जाने से पहले कपड़े का थैला ले जाने की लोगों से की अपील





**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर लगातार प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई हो रही है। रोस्टर के क्रम में कविनगर जोन अंतर्गत अभियान चलाया गया, दुकानदारों को, रेहड़ी पटरी व्यापारियों को पॉलिथीन का इस्तेमाल न करने के लिए जागरूक भी किया गया तथा कई स्थानों पर पॉलिथीन बैग तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त की गई और लगभग 54,000 का जुमार्ना भी वसूला गया।

स्वास्थ्य विभाग के जोनल प्रभारी की टीम तथा प्रवर्तन दल टीम भी उपस्थित रही। कई स्थानों पर जन जागरूकता अभियान भी चलाए गए, मोहननगर जोन अंतर्गत क्षेत्र वासियों को प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने के लिए अपील की गई, मौके पर एसबीएम टीम उपस्थिति रही। कविनगर सी ब्लॉक मार्केट, आरडीसी हल्दीराम स्वीट , राजनगर, संजय नगर व अन्य स्थानों पर अभियान चलाते हुए लगभग 17 किलो प्लास्टिक जब्त की गई। मोहननगर के लाजपत नगर क्षेत्र में जन जागरूकता अभियान चलाया गया, यहां पर न केवल व्यापारी वर्ग को ही प्लास्टिक इस्तेमाल करने के लिए जागरूक किया गया बल्कि क्षेत्र वासियों से भी प्रतिबंधित प्लास्टिक के बहिष्कार की अपील की गई। विदित हो कि नगर निगम द्वारा लगभग 13 दिन में चार लाख से अधिक जुमार्ना प्लास्टिकमुक्त अभियान के दौरान वसूल किया गया है, जिसमें 7 क्विंटल से अधिक प्लास्टिक भी जब्त की है। नगर निगम टीम द्वारा लगातार शहरवासियों से अपील की जा रही है कि बाजार जाने से पूर्व कपड़े का थैला साथ रखें ताकि प्लास्टिकमुक्त अभियान में सभी का सहयोग हो सके।

# रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के चुनाव में गाजियाबाद के पार्षदों ने डोर टू डोर किया प्रचार



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** लखनऊ लोकसभा चुनाव में साहिबाबाद से पार्षद आशीष चौधरी , पार्षद रवि भाटी को वार्ड 17, वार्ड 28 की ज़िम्मेदारी दी गई जिसमें गाजियाबाद के गये पार्षदों ने डोर टू डोर प्रचार किया। इनके साथ में वार्ड 28 की पार्षद मधु सिंह ,वार्ड 17 से पार्षद प्रत्याशी सुमित रावत , दीपक ठाकुर , हरिओम गुर्जर , पवन व वार्ड के कार्यकर्ता रहे।

# प्याऊ लगाकर जनसेवा की



**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** भारत विकास परिषद की इन्दिरापुरम मुख्य शाखा ने जल सेवा प्रकल्प के अन्तर्गत आज शक्ति खंड 4 स्थित लेन नं 7 में घड़े लगाकर प्याऊ सेवा आरंभ की। उपस्थिति नागरिकों एवं राहगीरों ने परिषद परिवार के इस प्रकल्प की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस स्थान की देख-रेख की जिम्मेदारी परिषद की पर्यावरण प्रभारी अंजना सिंह एवं रश्मि तिवारी ने ली। इस अवसर पर शाखा संयोजक अरुण शमा, संरक्षक हेमन्त कुमार वाजपेयी, अध्यक्ष विनिता वाजपेयी, सचिव रविन्द्र तिवारी, महिला संयोजिका श्रीमती रिचा वालिया , नागपालजी, मल्होत्रा आदि ने परिषद के सेवा प्रकल्प में निरंतर वृद्धि होने का संकल्प दिलाया।

## पत्थर फेंकने से मना करने पर युवक का सिर फोड़ा

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** दो युवक पत्थर रेलवे ट्रैक पर फैंक रहे थे, इस बीच एक युवक ने जब उन्हें ऐसा करने से मना किया तो आरोपी पक्ष के चार युवकों ने लोहे की राड से हमला कर युवक का सिर फोड़ दिया, और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। विश्वकर्मा बस्ती निवासी सचिन यादव राज चौपला स्थित एक मेडिकल स्टोर पर काम करता है, जब वह शाम घर लौट रहा था, तो उसने रेलवे ट्रैक पर पत्थर फैंक रहे युवकों से ऐसा करने से मना किया, जिस पर गुस्साये युवकों ने उस पर पथराव कर दिया और लोहे की राड से उसके सिर पर वार कर घायल कर दिया। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि इस घटना में पुलिस ने गांव सीकरीखुर्द के अर्जुन, विशाल व दो अज्ञात के खिलाफ मारपीट व धमकी देने के तहत मामला दर्ज किया है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

श्रद्धांजलि सभा



अत्यंत दुःख का विषय है कि
स्व. श्रीमती कमला देवी
(धर्मपत्नी नरेश चड्ढा निवासी- गाजियाबाद)
का देहावसान सोमवार दिनांक 6 मई 2024 को हो गया है।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी
प्रभु माताजी को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करे।

श्रद्धांजलि सभा (शुक्रवार, 17 मई 2024)
हवन - 9 बजे,
भोज - 11 बजे
श्रद्धांजलि - 2 बजे

स्थान : स्वंभू शिव मंदिर, सी. ब्लॉक गुरुद्वारा के सामने कविनगर, गाजियाबाद


शोकाकुल परिवार

अनुराग चड्ढा (पुत्र)
एडीटर-इन-चीफ न्यूज वन इंडिया
प्रधान संपादक- दैनिक हिन्ट
ज्योति उर्फ कल्लू (पुत्र)
श्याम कुमार (पुत्र)

पूनम देवी (पुत्रवधु),
रियांश चड्ढा (पौत्र),
अनुष्का चड्ढा (पौत्री),
निमिषा चड्ढा (पौत्री)

विवेक चड्ढा (भतीजे)
अनित चड्ढा (भतीजे)
शिक्षित चड्ढा (भतीजे)

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। खोड़ा मकनपुर नगरपालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष रीना भाटी ने अपनी पोस्ट से ये संदेश दिया कि हमें गैरों से ज्यादा अपनों से सावधान रहना चाहिए। रीना भाटी की इस पोस्ट में जो संदेश है वो सब को पसंद आया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।